
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



फ्रंट नेकलाइन के लिए टाई करें .....



मेकअप करने के बाद चेहरे पर .......

वर्ष : 10 | अंक : 61 | लखनऊ, 09 फरवरी, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल सरकार ने 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के खातों में धन अंतरण शुरू किया : ममता बनर्जी

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने उन 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धन अंतरण शुरू कर दिया है जिन्होंने 100 दिन की योजना के तहत काम किया था लेकिन उन्हें केंद्र सरकार से भुगतान नहीं मिला। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यहां एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हमारा (पश्चिम बंगाल का) करीब 1.16 लाख करोड़ रुपये बकाया है। जिन लोगों ने 100 दिन की योजना के तहत काम किया है, उन्हें पिछले तीन वर्ष से उनका मेहनताना नहीं मिला है। इक्कीस लाख जॉब कार्ड धारक हैं जिन्हें पैसा नहीं मिला है। केंद्र सरकार ने धनराशि जारी नहीं की। हमने उनके संबंधित खातों में धन अंतरण शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी ने हाल में राज्य का बकाया जारी करने की मांग को लेकर शहर में 48 घंटे का धरना दिया था। उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी। तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में अपनी पार्टी के विरोध-प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक और ब्लॉक अध्यक्ष सभी लोग ट्रेन रद्द होने के बावजूद (दिसंबर में) नयी दिल्ली गए। वे अभिषेक के नेतृत्व में बस से वहां गए। मैंने पहले 48 घंटे तक धरना दिया था और इसके (धनराशि) लिए प्रधानमंत्री से एक से अधिक बार मुलाकात की थी। बनर्जी ने आवास योजना के लिए धनराशि के संबंध में एक और घोषणा करने की योजना का भी उल्लेख किया। बुधवार को बैठक में बनर्जी ने मुख्य सचिव बी.पी. गोपालिका को योग्यश्री केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 50 करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने आदेश दिया कि सामाजिक कल्याण योजना के तहत मुफ्त प्रशिक्षण केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए ही नहीं, बल्कि सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए भी उपलब्ध कराया जाए।

## जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया जाएगा: पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान की सराहना की और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के अवसर पर उच्च सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीघार्यु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस अवसर पर मैं विशेष रूप से डॉक्टर मनमोहन सिंह का स्मरण करना चाहूंगा। वह छह बार इस सदन के सदस्य रहे। वह अपने मूल्यवान विचारों से सदन की चचाओं को समृद्ध करते रहे। सदन के नेता के रूप में तथा प्रतिपक्ष में भी नेता के रूप में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी ने कहा कि वैचारिक मतभेदों के कारण कभी बहस के दौरान छींटाकशी हो जाती है लेकिन वह बहुत अल्पकालीन होता है। उन्होंने कहा, लेकिन इतने लंबे अरसे तक जिस प्रकार से उन्होंने इस सदन का मार्गदर्शन किया है... देश का मार्गदर्शन किया है...वह हमेशा...जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ माननीय सदस्यों की चर्चा होगी... उसमें डॉक्टर मनमोहन सिंह के योगदान की चर्चा जरूर होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो भी सदस्य इस सदन में आता है, वह चाहे किसी भी दल का क्यों न हो, अपने कार्यकाल के दौरान वह अपनी प्रतिभा और व्यवहार के दर्शन जरूर कराता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सदस्यों के कार्यकाल से मार्गदर्शक के रूप में सीखने का प्रयास होना चाहिए। सदन और विभिन्न समितियों में मतदान के अवसर पर मनमोहन सिंह की भागीदारी को याद करते हुए मोदी ने कहा कि वह इन अवसरों पर भी व्हीलचेयर पर आए और लोकतंत्र के प्रति भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह जी व्हीलचेयर में आए और उन्होंने मतदान किया।

उन्होंने कहा, एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, उसका वह उदाहरण है। वह प्रेरक उदाहरण था। इतना ही नहीं, मैं देख रहा था कि कभी कमेटी सदस्यों के चुनाव हुए तो भी वह व्हीलचेयर में वोट देने आए। सवाल यह नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वह लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। उन्होंने मनमोहन सिंह के दीघार्यु होने की कामना की और कहा कि वह निरंतर हमारा मार्गदर्शन करते रहें और हमें प्रेरणा देते रहें।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का कर्टन रेजर सेरेमनी

### पहले युवा निराश था, प्रतिभा पलायन कर रही थी; आज उनके चेहरे पर मुस्कान है : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े सोर्सिंग शो, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे चरण के कर्टेन रेजर सेरेमनी का लखनऊ में आयोजन किया गया। गुरुवार को लोक भवन में उट योगी ने औद्योगिक आस्थानों और ODOP CFC परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। योगी ने कहा- आज ODOP से हमारे युवा उद्यमी के चेहरे पर मुस्कान है। उनका प्रोडक्ट वैश्विक स्तर पर पहुंचा।योगी ने कहा- पहले युवा हताश निराश था। सरकार से कोई सहारा नहीं था। यहां की प्रतिभा पलायन कर रही थी। हस्तशिल्पियों के सम्मान के लिए डबल इंजन सरकार काम कर रही है। आज हस्त कारीगरों को टूल किट दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट बढ़ा है। साथ ही रोजगार भी मिल रहा है। योगी बोले- ब्याज मुक्त ऋण योजना भी शुरू कर रहेंसीएम योगी ने कहा- हम जानते है कि प्रदेश में पहली बार इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में हो चुका है।उसकी सफलता नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पहली बार विदेशी बायर्स उपस्थित थे। तीन लाख से ज्यादा लोग वहां पहुंचे थे। 2018 में हमने विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से कुशलता को पहचान दी। ओडीओपी से प्रदेश को नई पहचान मिली। मुद्रा योजना से युवा उद्यमी बैंकों से सहायता ले सके। सरकार आज औद्योगिक पार्कों का भी शिलान्यास कर रही है। इससे भी युवा उद्यमी जुड़ सकेंगे। हम अपने युवा उद्यमी को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजना भी शुरू कर रहे हैं।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवायु न्याय को मार्गदर्शक होना चाहिए: जगदीप धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में जलवायु न्याय की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे कमजोर समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के असंगत प्रभाव को देखते हुए जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयासों में जलवायु न्याय की अहम भूमिका होनी चाहिए। स्वतंत्र थिंक टैंक टेरी द्वारा आयोजित विश्व सतत विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण और जलवायु न्याय पहल में भारत की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, वैश्विक नेतृत्व को सभी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु न्याय को मुख्यधारा में लाना चाहिए, इन सिद्धांतों को हमारे समाज के ढांचे में शामिल करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन असमान रूप से सबसे कमजोर लोगों को प्रभावित करता है इसलिए, जलवायु न्याय को इसका मार्गदर्शक बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार सतत विकास और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है और सुझाव दिया है कि देश की टिकाऊ प्रथाओं की परंपरा पर्यावरण-अनुकूल और समावेशी विकास मॉडल को अपनाने में दुनिया के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकती है।

## यूपीए कार्यकाल के खिलाफ लोकसभा में वित्त मंत्री ने पेश किए श्वेत पत्र

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' की प्रति पेश की। इससे पहले, गुरुवार को सदन के कामकाज की अनुपूरक सूची में उल्लेख किया गया था कि मंत्री श्वेत पत्र की एक प्रति सदन के पटल पर रखेंगी। सरकार ने 1 फरवरी को पेश केंद्रीय बजट में घोषणा की थी कि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के 10 साल के आर्थिक प्रदर्शन की तुलना भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 10 साल के आर्थिक प्रदर्शन से करने के लिए 'श्वेत पत्र' लाएगी। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में पेश करती हूं। सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता। इसमें कहा गया है कि यूपीए सरकार को अधिक सुधारों के लिए तैयार एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, लेकिन उसने अपने दस वर्षों में इसे गैर-निष्पादित कर दिया। 2004 में, जब यूपीए सरकार ने अपना कार्यकाल शुरू किया, तो सौम्य विश्व आर्थिक माहौल के बीच अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी।

2003-04 के आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था, विकास, मुद्रास्फीति और भुगतान संतुलन के मामले में अर्थव्यवस्था एक लचीली स्थिति में प्रतीत होती है, एक संयोजन जो निरंतर व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ विकास की गति को मजबूत करने की बड़ी गुंजाइश प्रदान करता है।लोकसभा में एफएम निर्मला सीतारमण ने पढ़ा कि विडंबना यह है कि यूपीए नेतृत्व, जो शायद ही कभी 1991 के सुधारों का श्रेय लेने में विफल रहता है, ने 2004 में सत्ता में आने के बाद उन्हें छोड़ दिया। भले ही देश एक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के कगार पर खड़ा था, लेकिन पिछली एनडीए सरकार द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्माण करने के लिए यूपीए सरकार द्वारा बहुत कम काम किया गया था। 2004 और 2008 के बीच के वर्षों में, एनडीए सरकार के सुधारों के धीमे प्रभावों और अनुकूल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी। यूपीए सरकार ने उच्च विकास दर का श्रेय तो लिया लेकिन इसे मजबूत करने के लिए कुछ नहीं किया। सरकार की बजट स्थिति को मजबूत करने और भविष्य की विकास संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए उच्च विकास के वर्षों का लाभ उठाने में विफलता उजागर हुई।

## केरल सीएम के धरने में शामिल हुए केजरीवाल और भगवंत मान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को राज्यों के लिए धन जारी करने में कथित भेदभाव को लेकर केंद्र के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर केरल के समकक्ष पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहे। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में कहा कि विपक्षी दल देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। बीजेपी ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडे अपना रही है।

केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर भी मोदी सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने कहा कि ईडी अब एक नया हथियार है। अभी तक किसी व्यक्ति पर दोष साबित होने के बाद ही उसे जेल भेजा जाता था. लेकिन अभी उन्होंने (बीजेपी) तय ही किया है कि किसे जेल भेजना है, तो सोचिए कि उस पर कौन सा केस थोपा जाए.

..हेमंत सोरेन को तब जेल में डाल दिया गया है, जब केस शुरू ही नहीं हुआ था...कल वे मुझे भी डाल सकते हैं, विजयन जी, स्टालिन साहब, सिद्धारमैया साहब जेल में और सरकार गिराओ। उन्होंने कहा कि यह उन्हें वैध धन से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और एलजी के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है। वे विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां हमारे परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां 2 करोड़ लोगों का हक मांगने आया हूं। अगर आप हमें फंड नहीं देंगे तो हम सड़क कैसे बनाएंगे, बिजली कैसे देंगे और विकास के लिए काम कैसे करेंगे। पंजाब का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ग्रामीण विकास निधि जारी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा।केजरीवाल ने कहा कि मैं बीजेपी से कहना चाहता हूं कि अहंकार न करें।

एक समय आ सकता है जब हम वहां (सत्ता में) होंगे और आप यहां (विपक्ष में) होंगे और वही कानून आपको परेशान कर सकते हैं। दिल्ली सीएम ने कहा कि छोटे-छोटे मुद्दों के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल विपक्ष शासित राज्यों में राज्य के विषयों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और विपक्षी नेताओं को फंसाने के लिए ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कश्मीर में आतंकियों ने पंजाब के श्रमिक की गोली मारकर हत्या की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कश्मीर, आतंकवादियों ने शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। इस साल कश्मीर में किसी गैर स्थानीय पर आतंकियों द्वारा किया गया यह पहला हमला है। पिछले साल आतंकवादियों ने अनंतनाग और शोपियां जिलों सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों ने शहीद गंज, श्रीनगर में अमृतसर निवासी अमृतपाल सिंह नामक एक गैर-स्थानीय व्यक्ति पर गोलीबारी की, जिनकी मौत हो गई।

## पूर्वोत्तर बहुमूल्य प्राकृतिक सुंदरता, प्रतिभाशाली लोगों से समृद्ध है : मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वोत्तर बहुमूल्य प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और वहां के लोगों में अद्भुत प्रतिभा है जो उनके नृत्य, संगीत, वेशभूषा, हस्तशिल्प और व्यंजनों में दिखाई देती है। राष्ट्रपति भवन में विविधता का अमृत महोत्सव का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पूर्वोत्तर में भारतीय संस्कृति के कई खूबसूरत और विविध रूप देखने को मिलते हैं।

मुर्मू ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि विविधता का अमृत महोत्सव का पहला संस्करण पूर्वोत्तर के उत्सव के साथ शुरू किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में मुर्मू के हवाले से कहा गया, पूर्वोत्तर को बहुमूल्य प्राकृतिक सुंदरता का आशीर्वाद प्राप्त है। वहां के लोगों में अद्भुत प्रतिभा है जो नृत्य, संगीत, वेशभूषा, हस्तशिल्प और व्यंजनों में दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता ही उसकी ताकत है। मुर्मू ने कहा, यह हमारी सौम्य शक्ति है। इस विविधता का जश्न मनाने से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसमें निहित एकता का प्रदर्शन और अनुभव दोनों होगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग आएंगे और पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। भारत की समृद्ध विविधता का जश्न मनाने और प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रपति भवन में विविधता का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को सात विशिष्ट संस्करणों- पूर्वोत्तर, दक्षिण, उत्तर, पूर्व, पश्चिम, मध्य क्षेत्र और केंद्र शासित प्रदेश के रूप में बांटा गया है। इस महोत्सव का पहला संस्करण उत्तर-पूर्व पर केंद्रित है। यह महोत्सव असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय और सिक्किम की सुंदरता, समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृतियों को प्रदर्शित करता है। यह महोत्सव आम जनता के लिए 8 से 11 फरवरी तक सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

## कर्नाटक सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर हुक्के पर प्रतिबंध लगाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और तंबाकू से संबंधित बीमारियों को रोकने के उद्देश्य से राज्य भर में सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू और गैर-तंबाकू हुक्का के उपयोग तथा बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने बृहस्पतिवार को इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने इस घोषणा के साथ लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल करने और स्वास्थ्य खतरों को खत्म करने में राज्य सरकार की जिम्मेदारी की पुष्टि की। मंत्री के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया, होटल, रेस्तरां, पब, बार, लाउंज, कैफे, क्लब और अन्य प्रतिष्ठानों में हुक्का के उपयोग, बिक्री और सेवा पर प्रतिबंध को युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन एवं तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। इसमें कहा गया है कि कर्नाटक सरकार ने यह कार्रवाई इस विश्वास के साथ की है कि इस निर्णय को उन सभी जिम्मेदार नागरिकों का समर्थन मिलेगा जो लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सर्वोपरि चिंता का विषय मानते हैं।

यह कार्रवाई विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे-2016-17 (जीएटीएस-2) के चिंताजनक आंकड़ों द्वारा समर्थित है। आंकड़ों में बताया गया था कि कर्नाटक में 22.8 प्रतिशत वयस्क तंबाकू का उपयोग करते हैं जिनमें से 8.8 प्रतिशत धूम्रपान करने वाले हैं। कर्नाटक में यह प्रतिबंध कई हुक्का बार के अवैध संचालन पर कार्रवाई करता है विशेष रूप से जो शैक्षणिक संस्थानों के करीब है। सरकार का यह फैसला सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) 2003 और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 सहित अन्य कानूनी प्रावधानों द्वारा समर्थित है जिनका हुक्का बार उल्लंघन करते पाए गए हैं।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, अब भारत-म्यांमार के बीच नहीं होगी फ्री आवाजाही

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को घोषणा की कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने निर्णय लिया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमार की सीमा से लगे भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाए। चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, इसलिए गृह मंत्रालय ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है।

इससे पहले अमित शाह ने घोषणा की थी कि भारत में मुक्त आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए भारत म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब बड़ी संख्या में म्यांमार के सैनिक जातीय संघर्षों से बचने के लिए भारत की ओर भाग रहे हैं। अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि मोदी सरकार अभेद्य सीमाएँ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा।

शाह ने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से, मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा, हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वे अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक 1 किमी की दूरी पर बाड़ लगाएंगे। इसके अतिरिक्त, मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर तक बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है और काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। पिछले तीन महीनों में म्यांमार सेना के लगभग 600 सैनिक भारत में घुस आए हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पश्चिमी म्यांमार राज्य रखाइन में एक जातीय सशस्त्र समूह अराकन आर्मी (एए) के उग्रवादियों द्वारा उनके शिविरों पर कब्जा करने के बाद उन्होंने मिजोरम के लांग्टलाई जिले में शरण ली।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 का शुभारम्भ, ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे स्वास्थ्य मेले

**आरएसएस की अनुषांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन अवध प्रान्त एवं गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास की पहल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अनुषांगिक शाखा नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन अवध प्रान्त एवं गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास की ओर से भारत-नेपाल सीमा के जिलों में थारू जनजातियों की चिकित्सा के लिए केजीएमयू से लगभग सात सौ डॉक्टरों की टीम रवाना की गई। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर से इस यात्रा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जनजातीय मंत्री असीम अरुण, प्रांत प्रचारक कौशल जी, स्वयंसेवी प्रशांत भाटिया सहित केजीएमयू के कुलपति सोनिया नित्यानंद ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने व प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाने की दिशा में नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए पूरी प्रतिबद्धता से कार्यरत है। आज इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु लखनऊ में आयोजित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 का शुभारम्भ किया जा रहा है।

यात्रा के सह संयोजक डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन की ओर से भारत-नेपाल सीमा पर बसे उत्तर प्रदेश के जनपदों के आदिवासी व जनजातीय समूहों के साथ ही दूरस्थ ग्रामीणों के



लिए विगत चार वर्षों से लगातार विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यूपी के बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जनपदों में स्वास्थ्य सेवा मेला का आयोजन किया जायेगा। डॉ. भूपेन्द्र के अनुसार 9 एवं 10 फरवरी को सम्बंधित जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों खासकर थारू बाहुल्य क्षेत्रों में छोटे-छोटे स्वास्थ्य मेले लगाए जाएंगे और 11 फरवरी को सभी जनपद मुख्यालय पर मेगा स्वास्थ्य मेला लगेगा।

बता दें कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थति थारू जनजाति बाहुल्य गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये इस विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। सेवा यात्रा का लक्ष्य सिर्फ मरीजों का इलाज करना ही नहीं होता बल्कि स्वस्थ्य जीवन के साथ ही थारू जनजाति व वंचित समाज सहित ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ना भी होता है। इन स्वास्थ्य मेलों में जनजातीय समाज के लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिये कुछ आवश्यक सुझाव भी दिये जाते हैं। इस शुभारंभ के समय बताया गया कि डॉक्टर्स की यह टीम थारू जनजातियों को चिकित्सा सुविधा देती है। इसमें कैंप लगाकर मेडिकल चेकअप, निःशुल्क दवाओं का वितरण तथा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जाता है। डालीगंज स्थित केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में इस यात्रा का शुभारम्भ करते हुए 14 बसों से 700 डॉक्टरों की टीम को रवाना किया गया। एनएमओ के संरक्षक डॉ भट्ट ने बताया कि यह सेवा यात्रा पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष भेजी जाती है। इसमें सेवाभाव से नेपाल-भारत सीमा के लगभग आधा दर्जन जिलों में जनजातियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। विगत वर्ष में भी 52 मेडिकल कॉलेजों से 650 डॉक्टर्स द्वारा 280 कैम्प लगाकर 85 हजार मरीजों का उपचार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लक्ष्य को बढ़ाते हुए आगामी 8, 9, 10 एवं 11 फरवरी 2024 को लगभग सवा लाख मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। प्रान्त प्रचारक अवध कौशल जी ने सभी डॉक्टरों एवं चिकित्सा सहयोगियों को इस पवित्र कार्य के लिये धन्यवाद दिया। प्रोफेसर डॉ भट्ट ने बताया कि सेवा शिविरों का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 9 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक अनुराग सिंह, शलभ मणि त्रिपाठी, आरएसएस के विभाग प्रचारक अनिल जी, नेशनल मेडिकल ऑगेर्नाइजेशन के संरक्षक प्रोफेसर एमएलबी भट्ट, अध्यक्ष डॉक्टर विजय कुमार, सचिव डॉ प्रभात पांडेय, प्रांत अध्यक्ष नरसिंह वर्मा, प्रांत सचिव अल्का रानी, यात्रा संयोजक डॉ सुमित रूंगटा सहित सैकड़ों डॉक्टर्स भी मौजूद रहे।

## पिकअप चालक के खिलाफ लाखों रुपए कीमत का सामान लेकर गायब होने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर निवासी ट्रांसपोर्टर चंद्रभान सिंह ने रायबरेली के पिकअप चालक विनोद कौशल के खिलाफ 7,32,652 रुपए कीमत का सामान लेकर गायब होने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंद्रभान सिंह के मुताबिक उनकी ट्रांसपोर्ट नगर में श्री बालाजी कार्गो मूवर्स के नाम से ट्रांसपोर्ट है। चंद्रभान का कहना है कि उन्होंने 1 फरवरी को चालक विनोद कौशल की पिकअप (यूपी 30 टी 8982) में डिपेन्डो लॉजिस्टिक्स लखनऊ से शक्ति कूरियर गोरखपुर के लिए 14 बैग (कीमत 1,28,457 रुपए), महाराजगंज हॉस्पिटल के लिए जीबी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स से 65 कार्टून दवा (कीमत 3,74,080 रुपये), ओम ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन से गणपती ट्रेडर्स खड्डा कुशीनगर के लिए 100 बैग बीज (कीमत 1,32,160 रुपये) और अर्शिगा सोलर प्राइवेट लिमिटेड टीपी नगर से कुशीनगर एयरपोर्ट के लिए 9 पैनल (कीमत 97,955 रुपये) लोड कराए थे। अगले दिन 2 फरवरी को जब चालक विनोद कौशल से बात हुई तो उसने बाराबंकी में गाड़ी खराब होने की सूचना दी। बाद में शाम को जब दोबारा बात हुई तो उसने गाड़ी ठीक हो जाने की बात बताई। आरोप है कि उसके बाद चालक विनोद कौशल ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया और गाड़ी व माल लेकर कहीं नहीं पहुंचा, ना ही उससे कोई संपर्क हो पा रहा है। फिलहाल इस मामले में चंद्रभान सिंह की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में बुधवार को एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के गंगानगर - अमौसी निवासी मो. मोइनुद्दीन के मुताबिक उनकी 15 वर्षीया बेटी नेहा परवीन बुधवार अपराह्न करीब 2 बजे घर से कुछ दूर स्थित दुकान पर सामान लेने गई थी। लेकिन काफी इंतजार के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटी। काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने दुकान में जाकर जानकारी की। जहाँ दुकानदार से पता चला कि वह दुकान पर गई ही नहीं। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने नेहा परवीन की अपने रिश्तेदारी व परिचितों के यहां काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। बाद में परेशान मोइनुद्दीन ने सरोजनीनगर थाने पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। उसने किसी अप्रिय घटना की आशंका भी व्यक्त की है। वहीं पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लापता नेहा परवीन का पता लगा रही है।

## अनियंत्रित ट्रक मजदूर के घर में घुसा, कच्चा मकान भरभरा कर गिरा

**एक बकरी समेत तीन बच्चो की मौत, एक गाय व बकरी के दो बच्चे घायल, महिला भी चोटिल**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज नगर पंचायत के बक्खाखेड़ा गांव में मजदूर रमेश गौतम अपने परिवार के साथ सड़क किनारे बने कच्चे मकान में रहते है, गुरूवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर मजदूर रमेश के मकान में जा घुसा, जिसके बाद कच्चे मकान की छत व दीवारे भरभराकर ढह गयी जिसके नीचे बंधी एक बकरी व तीन बच्चो की मौत हो गयी।वही एक गाय व बकरी के दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गयें।वही रमेश की बहू पूनम मामूली रूप से घायल हो गयी।पीड़ित के बेटे धर्मेन्द्र की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिये सीएचसी भेजने के साथ ही दुर्घटना करने वाले ट्रक के चालक को पकड़कर थाने ले गयी. दुर्घटना के बाद खलासी मौके से भाग निकला।दुर्घटना के बाद मजदूर का ईट व मिट्टी के गारे से जोड़कर बना कच्चा घर भरभराकर गिर गया।दुर्घटना के बाद मजदूर का सहमा परिवार घर के अंदर नही गया ओर आग जलाये बाहर ही बैठा रहा।ग्रामीणो ने बताया अतरौली-मऊ बाईपास मार्ग पर स्थित गांव के अंधे मोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के लिये पूर्व एसडीएम समेत पीडब्लूडी के उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र भी लिखा गया जिसके बाद भी विभाग ने आज तक स्पीड ब्रेकर नही बनाये, मोड़ अंधे होने क चलते तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर कई घरो में घुस चुके है ओर लोगो की जान जाते जाते बची है, लेकिन पीडब्लूडी के अधिकारी आंख कान मूंदे बैठे है।दुर्घटना के बाद ग्रामीणो का आक्रोश भड़क गया जिसके बाद उन्होने स्थानीय प्रशासन व पीडब्लूडी के अफसरो को खूब खरीखोटी सुनाई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## पार्षद ने 12 इंटरलॉकिंग सड़कों व नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत द्वारा गुरुवार को वार्ड के नारायण पुरी कॉलोनी और गणेश नगर कॉलोनी में 86 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 12 इंटरलॉकिंग सड़कों व उसके बगल पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट ने अपनी मौजूदगी में अभय द्विवेदी और रणधीर सिंह यादव से नारियल तुड़वाकर इनका शिलान्यास कराया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि नारायणपुर कॉलोनी में बनने वाली 600 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क व उसके बगल पक्की नाली निर्माण का कार्य 15वें वित्त योजना के तहत 70 लाख रुपए की लागत से, जबकि गणेश नगर कॉलोनी में 150 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क और उसके बगल पक्की नाली निर्माण का कार्य महापौर निधि के जरिए 16 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य विधायक राजेश्वर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री



कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अलावा नगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला व मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव के प्रयास से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक नालियां न होने के कारण घरों का निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर ही फैल कर बहता था। रास्तों में प्रायः जलभराव रहने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन अब पक्की नालियां और इंटरलॉकिंग सड़क बन जाने से लोगों को आने-जाने में होने वाली समस्या खत्म हो जाएगी। वहीं गलियों को पक्की किए जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उक्त नेताओं का आभार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर पार्षद रामनरेश रावत के साथ रणधीर सिंह, प्रीतम सिंह, अभय द्विवेदी, बृजेश मिश्रा, रणजीत सिंह, रमाकांत यादव, भरत लाल यादव, जयराम यादव, संतोष त्रिपाठी, जहीर खान, मानवेंद्र यादव, अजय यादव, राजेश यादव, शिवकुमार सिंह, पंकज यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, विजय बौद्ध, धर्मपाल यादव, सीताराम दिवाकर, हरिशंकर त्रिपाठी, भगवती यादव, बृजभूषण सिंह चंदेल, हरिशंकर पाठक, सुखलाल, सुबोध अवस्थी और हरीश शर्मा सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

## बिना विद्युत कनेक्शन हुए महिला के घर पहुंचा विद्युत बिल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में विद्युत विभाग का एक नया कारनामा सामने आया है। यहां की एक महिला का कहना है कि बिना विद्युत कनेक्शन हुए ही उसे विद्युत बिल भेज दिया गया। उसने इसकी शिकायत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम सेस प्रथम के अधिशासी अभियंता से की है। बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी नीतू देवी ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपने भूखंड पर विद्युत कनेक्शन के लिए 20 अक्टूबर 2023 को आवेदन किया था। आवेदन के बाद 25 केवीए के ट्रांसफार्मर के साथ 1,45,378.92 पैसे का प्रांकलन बना। जिसका उसने 26 अक्टूबर को भुगतान भी कर दिया। लेकिन नीतू का आरोप है कि कई बार विद्युत अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं किया गया और ना ही वहां पर ट्रांसफार्मर लगाया जा सका है। नीतू का कहना है कि 10 दिसंबर 2023 को उसने आईजीआरएस के माध्यम से विद्युत कनेक्शन न होने की शिकायत की। उसकी इस शिकायत पर 15 जनवरी 2024 को विद्युत विभाग के जेई उसके घर पहुंचे और 50 हजार रुपये की मांग करते हुए व्यक्तिगत मिलने बुलाया। आरोप है कि जब नीतू ने रुपए नहीं दिए और ना ही उनसे मिलने गई, तो जेई ने उसे देख लेने की धमकी दी। नीतू का कहना है कि 25 जनवरी 2024 को उसे अचानक 1113 रुपए का विद्युत बिल प्राप्त हो गया। यह बिल मिलते ही उसके होश उड़ गए। उसका कहना है कि अभी तक उसके भूखंड में ना तो विद्युत कनेक्शन हुआ है और ना ही ट्रांसफार्मर लगाया गया। लेकिन फर्जी तरीके से बिल भेज दिया गया। इस मामले में अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने कहा कि इस मामले में संबंधित एसडीओ को तत्काल विद्युत लाइन बनवाकर ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही विद्युत कनेक्शन करने के आदेश दिए गए हैं और संभवतः शुक्रवार को यह सब कार्य हो जाएगा।

## अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहाँ पुलिस ने गुरूवार को अवैध कच्ची शराब की धरपकड़ के लिये अभियान चलाकर तस्करी के लिये ले जायी जा रही 100ली०अवैध देशी कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को दबोचा।पुलिस ने तस्कर के विरूद्व 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया गुरूवार को अवैध कच्ची शराब की धरपकड़ के लिये अभियान चलाकर दारोगा राजेश कुमार दीक्षित समेत पुलिस फोर्स के साथ भजनमऊ जाने वाली मोड़ के पास से एक तस्कर को पांच प्लास्टिक की पिपियो में भरी 100ली०अवैध देशी कच्ची शराब के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।पुछताछ करने पर तस्कर ने अपना नाम नन्हक्के रावत निवासी सुखनाखेड़ा थाना निगोहां बताया ओर काफी समय से उन्नाव से अवैध कच्ची शराब खरीदकर लाकर तस्करी करने किये जाने की बात कबूली।पुलिस ने तस्कर नन्हक्के रावत के विरूद्व 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर बरामद शराब के साथ न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दुष्कर्म पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

लखनऊ। गुरुवार को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल। माल पुलिस टीम ने काफी दिनों से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त रिंकू कुमार निवासी ग्राम भेलिया पुरवा कीमुखबिर द्वारा सूचना मिली की कमालपुर लुधौरा के पास रिंकू कुमार कहीं भागने के फिराक में है।इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए। माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जुर्म धारा को अवगत कराते हुए। विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## आईडीए अभियान को लेकर सिविल डिफेंस के सदस्यों को किया गया प्रशिक्षित

**10 से 28 फरवरी तक खिलाई जाएगी फाइलेरियारोधी दवा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जायेगा ` जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवा आइवरमेमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल (आईडीए) खिलाएंगे ` इसी क्रम में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और स्वयंसेवी संस्था पीसीआई के सहयोग से सिविल डिफेंस के संगठन के सदस्यों को फाइलेरिया पर जानकारी दी गयी जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव ने कहा कि आईडीए अभियान को सफल बनाने में आप सभी से सहयोग अपेक्षित है । आप सभी प्रयास करें कि क्षेत्र के सभी लोग फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करें । फाइलेरिया से बचाव का प्रमुख विकल्प फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना है ।

इस मौके पर पीसीआई के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक ध्रुव सिंह और सहायक राज्य प्रबंधक विकास जी ने कहा कि सभी सदस्य, अपने अपने क्षेत्र में लोगों को आईडीए अभियान के बारे में भी जानकारी दें कि 10 से 28 फरवरी के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायी जाएगी समुदाय को इस अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए जागरूक करें जिससे कि कोई भी व्यक्ति दवा खाने से वंचित न रह जाये उन क्षेत्रों की पहचान कर लें जहाँ पिछले राउंड में दवा खाने से लोगों ने इनकार किया था ` इसके लिए पहले से ही रणनीति तैयार करें जिससे कि अभियान सफल हो ` अपने-अपने वार्ड में मना करने वाले लोगों को समझा कर दवा खिलाना सुनिश्चित करे


यह दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को नहीं खानी है ` लोगों को इस बात की जानकारी दें कि कुछ लोगों में में दवा खाने के बाद सिर दर्द, शरीर में दर्द, बुखार उल्टी, बदन पर चकत्ते तथा खुजली देखने को मिलती है लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है ` इसका मतलब है कि व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे ` उन परजीवियों के मरने के परिणामस्वरूप यह प्रतिक्रिया हुई जो थोड़ी देर में ठीक हो जाती है ` इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है इस मौके पर नागरिक सुरक्षा संस्था के कर्मचारी, पीसीआई के प्रतिनिधि निशांत सिंह, सिविल डिफेंस के प्रतिनिधि और मलेरिया निरीक्षक सहित 68 लोग मौजूद रहे `

## अचानक सिर के बल टब में गिरी मासूम, मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पानी के टब में डूबने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। मासूम अपने भाई बहन के साथ खेल रही थी अचानक घर के आंगन में रखे पानी से भरे टब/ बल्टा में गिर गयी। हादसे के कुछ देर बाद मां ने उसे देखा और तुरंत बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

बच्ची अपने भाई बहन के साथ खेल रही थी और भाई बहन खेलते-खेलते घर के बाहर चले गए और मां घरेलू कामकाज में जुटी थी। कुछ देर बाद मां इधर-उधर मासूम बेटी को ढूंढने लगी तभी मां की नजर घर में रखें पानी से भरे टब में पड़ी देखा कि मासूम बेटी औंधे मुँह पानी में पड़ी है। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।



मृतका हुरैन फाइल – फोटो

### एक भाई एक बहन में छोटी थी हुरैन

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहिलामऊ निवासी मोहम्मद आतिफ की पुत्री हुरैन समेत उसके तीन बच्चे हैं, दो लड़की और एक लड़का. जिनमें सबसे छोटी लड़की हुरैन थी। परिजनों के मुताबिक हादसे के वक्त मोहम्मद आतिफ घर के बाहर थे और उसकी पत्नी घर के कामों में व्यस्त थी. हुरैन अपने भाई बहन भाई के साथ खेल रही थी, लेकिन भाई, बहन अचानक खेलते खेलते घर के बाहर चले गए।

### घर में पसरा मातम

काफी देर बाद मां ने हुरैन को पानी के टब में मुंह के बल गिरा हुआ देखा और इसके बाद घर में चीख-पुकार से सभी घर वाले इकट्ठा हो गए। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वो नहीं बच पाई। परिजनों के मुताबिक टब /बाल्टा पानी से पूरा भरा हुआ था। उसी में हुरैन डूब गई। मासूम की मौत से पूरे घर में मातम का माहौल पसरा हुआ है। मृतक के परिवार में पिता मोहम्मद आतिफ, बड़ी बहन इंसा 7 वर्ष, भाई उमर 4 वर्ष जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

## सीआरपीएफ का 31वां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में सीआरपीएफ का 31वां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में मेला, उत्सव और समारोह आयोजित हुआ। जिसका रिबन काटकर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक नागेंद्र सिंह, सीआरपीएफ के पूर्व महानिरीक्षक आफताब अहमद खान और सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के उप महानिरीक्षक शशि प्रकाश सिंह ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौजूद सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों, महिलाओं व बच्चों ने मेले में मौजूद विभिन्न प्रकार की दुकानों के



अलावा खान-पान और चाट चटोरी स्टालों का जमकर लुत्फ उठाया। इससे पहले सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के उपमहानिरीक्षक एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारियों और जवानों ने सीआरपीएफ के शहीद जवानों को शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण के बाद सभी ने शहीदों को याद किया। इस मेले में बड़ों और बच्चों ने खेलकूद, रस्सी, सांस्कृतिक, झूलों और इनाम पाओ आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर खूब आनंद उठाया। सीआरपीएफ के मीडिया पर्सन हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव ने बताया कि यह मेला बुधवार से शुरू होकर शुक्रवार तक तीन दिन लगातार चलेगा।

## दहेज की मांग ना पूरी होने पर ससुरालीजनो ने विवाहिता को पीटा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ** । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायभानखेड़ा निवासी प्रभू दयाल ने बताया उन्होने अपनी बेटी का विवाह 13 मार्च2023 को हिन्दू रीति रिवाज से देवी प्रसाद निवासी बाबा का पुरवा थाना लोनी का कटरा, बाराबंकी के साथ किया था ओर अपने सामर्थ के अनुसार दहेज भी दिया था लेकिन बेटी के ससुरालीजन दिये गये दहेज से सतुष्ट नही थे, वही दामाद शराब के नशे में धुत आकर बेटी को मारता पीटता था ओर दहेज लाने की धमकी देता था, एक दिन बेटी ने विरोध जताया तो पति ने ससुर कमलेश, सास कमला, देवर अभिषेक, नन्दलाल, गोविंद ने मिलकर बेटी की बुरी तरह पिटाई कर अधमरा कर दिया।सूचना के बाद बेटी के ससुराल पहुंचकर उसको अपने साथ लाकर इलाज कराया। ससुरालीजनो की प्रताड़ना से बेटी



मानसिक रूप से परेशान है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित पिता के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दहेज प्रथा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

## फर्जी आईएएस बनकर महिला पुलिसकर्मी से रचाई शादी, केस हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खुद को फर्जी आईएएस बताकर महिला पुलिसकर्मी से शादी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गोंडा के रहने वाले विजय सिंह (22) ने महिला को गुमराह कर शादी की और फिर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। इसकी हकीकत सामने आई तो पीड़िता ने मदेयगंज थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया। मामले में गुरुवार को उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इंस्टाग्राम से हुई थी दोस्ती

पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह लखनऊ में रहकर पुलिस विभाग में नौकरी करती है। शिकायत में बताया कि करीब चार महीने पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात गोंडा के रहने वाले विजय नामक शख्स हुई थी। उसने कहा था कि यूपीएससी-2023 मेंस में उसका चयन हो गया है। यकीन दिलाने के लिए उसने एक अखबार की कटिंग और घर पर मनाई जा रहीं खुशियों को लेकर वीडियो भेजा। इसके बाद आरोपी लखनऊ आया और कहा कि उससे शादी कर ले नहीं तो नौकरी लगने के बाद घरवाले तुमसे शादी नहीं होने देंगे।

### चाकू और तमंचा दिखाकर डराया धमकाया

पीड़िता का आरोप है कि जब विजय की सच्चाई जाननी चाही तो उसने चाकू और तमंचा से डराकर उसके साथजबरन संबंध बनाया। आरोप है कि डर की वजह से उसने यह बात किसी को बताई नहीं और डरकर उसने शादी कर ली। इसके बाद आरोपी उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देते हुए रुपयों की मांग करने लगा। कई बार उसने अपना वेतन तक दे दिया। मांग पूरी न करने पर उसको और परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। साथ ही वह कई बार थाने में आकर गाली गलौज भी करता था, जिसकी वजह से वह लाइन हाजिर भी की गई है। जिससे परेशान होकर मामले की शिकायत पुलिस को दी। वहीं, मदेयगंज थाना प्रभारी राजेश सिंह के मुताबिक, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में मासूम की मौत, मां की हालत गंभीर

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र के कानपुर रायबरेली हाईवे स्थित ढाबा के पास कार के टक्कर मारने से मासूम की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मां बेटे रिश्तेदारी में निमंत्रण में शरीक होने के बाद वापस घर आ रहे थे। मां की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। बीघापुर थाना क्षेत्र के शांति नगर मोहल्ला के रहने वाले जय शंकर की पत्नी रमाकांती अपने सात वर्षीय बेटे प्रांजुल के साथ पुरवा कोतवाली क्षेत्र के दरेहटा गांव के रहने वाले रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में शरीक होने गई थी। जहां से बुधवार शाम वापस घर लौट रही थी। तभी ढाबा के सामने स्थित घर के पास उतरकर हाइवे मार्ग पार करने लगी। तभी रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को बीघापुर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मां रामकांती व बेटे प्रांजुल को जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्रांजुल को मृत घोषित कर दिया। उधर, जख्मी रमा कांती को प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख हैलट रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि जय शंकर मूलतः इसी थाना क्षेत्र के मगरायर गांव के रहने वाले हैं। मगर काफी समय से नगर पंचायत बीघापुर में रहकर ही कुम्हारी का कार्य करते हैं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण होता है। मृतक प्रांजुल के पिता ने थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### आंख बंद करके मन को देखने से मन के संकल्प होते हैं शांत

उन्नाव। नंदनवन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्मा कुमार शक्ति राज सिंह ने कहा कि आंख बंद करके मन को देखने से मन के संकल्प शांत होते हैं। हम जीवन में भाग रहे हैं किधर भाग रहे हैं पता नहीं। मन का कार्य जंप करना बुद्धि का कार्य इधर-उधर देखना और संस्कार रील बनाती है। मन का ट्रैफिक कंट्रोल करना है संकल्प को चेंज करना है। संकल्प को पॉजिटिव बनाना है ।संकल्प से ही सफलता की ओर बढ़ेंगे। श्रेष्ठ संकल्प में अद्भुत शक्ति है। हमारे चेतन मन में 10% शक्ति है जबकि अवचेतन मन में 90% सकती है।अवचेतन मन जिन की तरह कार्य करता है।उसको जो कमांड दे दो वह स्वीकार कर लेता है। बोल से पहले संकल्प पहुंचते हैं । परिवार मे झगड़ों की शुरूआत संकल्पों से ही होती है।परिवार में हम एक दूसरे को स्वीकार करना प्रारंभ कर दें और हर एक के प्रति पॉजिटिव संकल्प रखें तो परिवार के झगड़ा समाप्त हो जाएंगे। अगर कोई दुख है पीड़ा है या कोई पीछे पड़ा है तो उसके पीछे पिछले जन्म का हिसाब किताब है। कर्मों का हिसाब किताब चाहे कर्म भोग से चुकता करो या राज योग से। मन की आदत है नेगेटिव देखना और क्षणिक सुख की ओर भागना। सदा खुशनुमा चैनल ऑन रखें जिससे जीवन खुशियों से भरा रहे। मुस्कुराने से 50% बीमारियां कम हो जाती। हृदय, फेफड़ा,गुर्दा बिना एक सेकंड रुके अपना कार्य कर रहे हैं हमें उनको धन्यवाद देना चाहिए उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। म्यूजिकल एक्सरसाइज से स्वस्थ तन मन रखने की कला सिखाई गई। क्लीनिंग और हीलिंग विधि से लोगों को खुशनुमा जीवन जीने की विधि सिखाई गई।

# आयोजित परीक्षा को लेकर एडीएम ने की बैठक




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा 11 फरवरी 2024 दिन (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11.:30 बजे तक व अपरान्ह 02:30 बजे से 03:30 बजे तक) समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा 2023 को जनपद में नकलविहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा विकास भवन सभागार में परीक्षा हेतु नामित किए गए सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेटों एवं परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापाकों के साथ बैठक की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेटों निर्देश दिये गए कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा 11 फरवरी 2024 दिन (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11: 30 बजे तक व अपरान्ह 02:30 बजे से 03:30 बजे तक) समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा 2023 को जनपद के चिन्हित 26 परीक्षा केन्द्रों पर नकलविहीन, सफलता, सुगमता, सरलता एवं पारदर्शिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करा ली जाएं। उन्होने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये हैं कि परीक्षा के दिन सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं परीक्षा केन्द्र स्तर पर होने वाली तैयारियों का पूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित करा लिया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 11 फरवरी दिन रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। इस परीक्षा में 10944 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा को सुचारू एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर नोडल एजेन्सियों एवं अधिकारियों को दायित्वों के निर्वहन किये जाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक केन्द्र पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है। एडीएम ने परीक्षा आयोजन में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर चूक न हो और आयोग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक सम्पूर्ण परीक्षा त्रुटिरहित सम्पन्न करायी जाए।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, ज्वांइट मजिस्टेट हिमाशु गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी सिंह, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग से नामित पर्यवेक्षक मंशाराम यादव व दीनदयाल गुप्ता, अटल बिहारी इंटर कॉलेज के प्राचार्य अजब सिंह, बेनहर इंटरनेशनल स्कूल के केन्द्र व्यवस्थापक जे0पी0 वर्मा सहित समस्त सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, अन्य अधिकारी गण व केन्द्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।

# कीटनाशी लाईसेंस धारक विक्रताओ को दिए गए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि जनपद के कृषकों को सर्वोच्च गुणवत्तायुक्त कीटनाशी रसायन उपलब्ध कराने हेतु एवं कीटनाशी गुणवत्ता नियंत्रण में कीटनाशी अधिनियम 1968 व कीटनाशी नियमावली 1971 के प्रविधानों को कडाई से लागू करने हेतु समय-समय पर निर्देश दिए जाते रहे है परन्तु कतिपय विक्रेताओं द्वारा उक्त निदेशों की अक्षरशः पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण पुनः जनपद के समस्त कीटनाशी लाईसेन्स धारक विक्रेताओं को निम्न निर्देश दिये जाते है जो निम्न प्रकार है- कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा कृषकों को अनिवार्य रूप से कैश मैमो/क्रेडित मैमो/पक्की रसीद उपलब्ध करायी जायें, जिसमें कीटनाशी रसायन का नाम बैच नम्बर, विनिमार्ण तिथि, अवसान तिथि एवं विक्रय मूल्य अंकित होना अनिवार्य है। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा कीटनाशी लाईसेन्स से सम्बन्धि अभिलेखों यथा स्टाक पंजिका, भण्डार पंजिका, रेट बोर्ड इत्यादि को अद्यतन रखने का प्राविधान है। कीटनाशी लाईसेन्स की प्रति चस्पा की जाये। कीटनाशी विक्रेता उसी कीटनाशी कम्पनीयों से क्रय-विक्रय का व्यापार करेंगे जिनका कीटनाशी अधिकारी पत्र का अंकन कीटनाशी लाईसेन्स पर होगा। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा अपनी दुकान पर अनिवार्य रूप से अपनी दुकान का नाम, कीटनाशी लाईसेन्स संख्या, प्रोपराईटर का नाम व मोबाईल नम्बर एवं प्रिय किसान बन्धु, कीटनाशी रसायन क्रय करते समय अपनी पक्की रसीद/कैश मैमो अवश्य प्राप्त करें का अंकन कराना सुनिश्चित करें। कीटनाशी विक्रताओं द्वारा बगैर कोई सूचना के अपनी दुकान बन्द नही करेंगे। कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा बिना शैक्षिक योग्यता अथवा तकनीकी सहायक के बगैर व्यापार नही करेंगे। कीटनाशी विक्रेता प्रत्येक माह की 25 तरीख तक अनिवार्य रूप से कीटनाशी रसायन क्रय-विक्रय की सूचना कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया है कि अधोहस्ताक्षरी एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आपकी प्रतिष्ठान के निरीक्षण के समय उक्त निदेशों का पालन करते नहीं पाया जाता है तो सम्बन्धित कीटनाशी विक्रेताओं के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित विक्रेता का होगा एवं उक्त निदेशों का कडाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

# युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के कल्याणी देवी मोहल्ला में गुरुवार सुबह किसी बात से आहत होकर युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगडने पर किराएदार ने उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। शहर के कल्याणी देवी मोहल्ला के रहने वाले राज अवस्थी 20 पुत्र विमलेश अवस्थी ने गुरुवार सुबह किसी बात से आहत होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए आनन-फानन किराएदार भावना सिंह ने उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डाक्टर शोभित अग्निहोत्री ने युवक की हालत गंभीर देख उसे भर्ती कर फौरन उपचार देना शुरू कर दिया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एसपी ने कई दर्ज पुलिस कर्मियों के किए तबादले

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एसपी ने गुरुवार को 49 पुलिस कर्मियों का लाइन और थानों से तबादला किया है। साथ ही तबादले की सूची जारी कर तत्काल प्रभाव से पालन करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है एक थाने में तैनात सिपाही का प्रार्थना पत्र के आवेदन पर दूसरे थाने में तबादला किया गया है।जानकारी के अनुसार पुलिस थानों के साथ लाइन में लंबे समय से कुछ आरक्षी तैनात थे जिनका तबादला कर दिया गया। तबादले की सूची में पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मी भैया लाल सिंह, प्रवेश कुमार, भास्कर यादव, विनीत कुमार सिंह, कल्पना शुक्ला, अंजली वर्मा, को थाना कोतवाली भेजा है। लाइन में ही तैनात धीरेंद्र कुमार, गोविंद सिंह यादव, सर्वेश कुमार यादव, कन्हैया प्रसाद, उमेश कुमार शुक्ला, रामाश्रय यादव को थाना पुरवा भेजा है ।हेड कांस्टेबल राजेश यादव, राजेश कुमार सिंह, अशोक कुमार, रजनीश कुमार, सियाराम, धर्मेंद्र कुमार, इंद्रा तोमर, राधा वर्मा को थाना दही। मैहर मोहम्मद, जयवीर सिंह को थाना माख में तैनाती दी है। हेड कांस्टेबल जितेंद्र गौतम, भारत सिंह यादव, धर्मपाल, अवधेश कुमार, गोविंद सिंह को थाना बेहटा मुजावर भेजा है। पुलिस लाइन में तैनात उदय प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार यादव, मनोज कुमार, राजीव कुमार, ममता दीक्षित को थाना गंगा घाट में नियुक्ति दी है।

आशीष यादव, ओमकार, सुखबीर सिंह, ऋषिकांत को थाना असोहा भेजा है। प्रेम कुमार अवस्थी, सुनील कुमार सिंह, लाल बहादुर सिंह को थाना बिहार में तैनाती दी है। महिला हेड कांस्टेबल कंचन, गीता, प्रीति यादव को थाना महिला शैलेश सिंह, पारुल को थाना अजगैन में तैनाती दी है। पुलिस लाइन में तैनात अब्दुल जब्बार को थाना एएचटीयू, मौरावां थाना में तैनात सौरभ मिश्रा को थाना माखी, आरक्षी योगेश कुमार को बांगरमऊ से थाना कोतवाली से किया गया तबादला निरस्त कर थाना गंगा घाट भेजा है।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे


अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को दबोच लिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत विधिक कार्यवाही कर युवक को अदालत भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गयी थी। पिता ने कमल किशोर पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम नेवादा परस थाना मल्लावां जिला हरदोई के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। तब से पुलिस लापता किशोरी और अपहरणकर्ता की तलाश कर रही थी। पुलिस ने बीते 5 फरवरी को को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट किशोरी को बरामद कर लिया था और किशोरी का मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने न्यायालय में किशोरी का बयान भी करा दिया था। तभी से किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस आरोपी कमल किशोर की तलाश कर रही थी। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी कमल किशोर को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

# 172 विद्यालयों में दी गई नोटिस

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। यू-डायस पर छात्रों का रिकार्ड शुरू व पूरा न करने पर डीआईओएस ने 172 स्कूलों को मान्यता प्रत्याहरण की चेतावनी दी है। डीआईओएस की ओर से जारी पत्र में तत्काल प्रभाव से पोर्टल पर रिकार्ड दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी काम को पूरा न करने पर स्कूलों की मान्यता रद करने में कोई गुरेज न करने को आगाह किया है।यू-डायस पोर्टल पर सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों को अपने स्कूल के छात्र-शिक्षक की संख्या आदि का अंकन करना होता है। जनपद के 172 माध्यमिक स्कूलों में तमाम का हाल यह है कि उन्होंने रिकार्ड भरने की अभी प्रक्रिया भी शुरू नहीं की जबकि तमाम ऐसे हैं जिनका रिकार्ड पोर्टल पर आधा अधूरा दर्ज है। डीआईओएस एसपी सिंह ने सभी ब्लॉक और जिला नोडल को पत्र जारी करके कहा है कि वह तहसील व ब्लॉक के सभी माध्यमिक व ब्लॉक खंड शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा कराए। डीआईओएस ने कहा इससे पहले दिए गए निर्देश पर विद्यालयों की प्रगति न्यून है, जिसे अब तत्काल करने पर गंभीरता दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी विद्यालय फीडिंग का काम पूरा नहीं करते हैं तो उनकी मान्यता प्रत्याहरण के लिए संस्तुति सहित आख्या निर्धारित प्रारूप पर भेजी जाए।

डीआईओएस ने बताया कि डाटा फीडिंग को लेकर इसके पहले भी इन विद्यालयों को नोटिस लेकर छात्राओं का विस्तृत डाटा अपलोड करने के लिए कहा गया था। लेकिन सभी ने लापरवाही बरती है। यदि अब भी यह जिम्मेदार स्कूल के कर्मी डाटा फीड नहीं करते हैं तो उनकी मान्यता को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा की सदस्यता लेकर जिले में प्रथम आगमन पर डीडीसी दुष्यंत सिंह परिहार का हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर जनपद में प्रथम आगमन पर इंगोहटा जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार का पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, बृजकिशोर गुप्ता, गणेश यादव, सत्तीदीन प्रजापति ने संयुक्त रूप से दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया है। डीडीसी दुष्यंत सिंह परिहार ने सभी कार्यकताओं को कंधे से कंधा मिलाकर काम करने एवं उनके हर सुख दुख में बराबर सहयोग करने का वादा किया। स्वागत कार्यक्रम में नरवेंद्र सिंह, शिवप्रकाश सिंह सेंगर, किशन व्यास, डा. आराधना राजपूत, सिद्धार्थ सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, अनीता राजपूत, चक्रवर्ती



शुक्ला, अरिमर्दन सिंह, अंकित सिंह, संतराम गुप्ता, मोहन कुशवाहा, बाबा ठाकुर, रवि राज बुंदेला, करण साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह बाल श्रम को रोकने किया जा रहा ग्रामीणों को जागरूक

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर जिले में संस्था सोसायटी फॉर प्रगति भारत ललितपुर द्वारा, बाल विवाह, बालश्रम, बाल यौन शौषण को रोकने के लिए लगातार लाउडिसपीकर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जनपद के गांव- गांव जाकर लोगों को बाल विवाह के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बताया जा रहा की जो भी व्यक्ति अपने बच्चों का बाल विवाह करेगा उसको 6 माह से लेकर 1 साल तक की सजा और 10 हजार से 20 हजार तक का जुमार्ना और शादी में उपस्थित होने वाले समस्त रिश्तेदार, हलवाई, पंडित, टेंट वाले , बैंड वाले आदि लोगों को जेल का प्रावधान है।।

## गांव चलो अभियान गढोली कला में पहुंचें भाजपाई

ललितपुर /मड़ावरा क्षेत्र विधानसभा महरौनी के गढ़ोली कला में आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए, एवम कार्यकताओं को सक्रिय रहने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान इस बैठक में ग्रामीणों ने गांव के विकास को लेकर बात की, जिसमें कुछ हिस्सों को संपूर्ण गांव के रूप में विकसित करने की बात की गयी इसी बीच मनोज नाथ मण्डल मंत्री सैक्टर अध्यक्ष राजपाल सिंह सेंगर बूथ अध्यक्ष सुरजान सिंह राजपुत जिला महा मंत्री महेरबान सिंह पटेल बूथ अध्यक्ष राजाराम कुशवाहा प्रदीप सिंह दामोदर सिंह झा हिम्मत सिंह वीरन कुशवाहा बूथ अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल मुड़िया अरविन्द पटेल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइक सवार लुटेरों ने सेल्समैन से लूटा रुपिया से भरा बैग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बंथर चौराहा स्थित स्कूल के पास रात बाइक सवार नकाबपोश लुटेरों ने सेल्समैन को मारपीट कर शराब बिक्री का हजारों रुपये से भरा बैग लूट कर भाग निकले। वारदात के समय कैंटीन संचालक बाइक चला रहा था। घटना के बाद पुलिस की पिकेट ड्यूटी की पोल खुल गई।

लूट की जानकारी मिलते ही अचलगंज, सदर व गंगाघाट कोतवाली तथा स्वॉट टीम मय फोर्स के मौके पर पहुंच कर छानबीन की है। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि पूछताछ में मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच पड़ताल कराई जा रही है। सफीपुर थाना क्षेत्र के कुसैला गांव के रहने वाले राज नारायण उर्फ कल्लू जायसवाल गंगाघाट थाना क्षेत्र के कर्मी विजलामऊ गांव स्थित देशी शराब ठेका में पांच माह से सेल्समैन का काम करता है। उसने बताया कि रात दस बजे दुकान बंद कर कैंटीन चलाने वाले अजगैन गांव निवासी हिमांशू पुत्र ओमप्रकाश के संग बाइक में पीछे बैठ कर शहर आ रहा था। अभी वह बंथर चौराहे से 250 मीटर आगे वीरेंद्र स्वरूप स्कूल के सामने पहुंचा ही था।

## 61550 रुपये से भरा था बैग

इसी दरम्यान पीछे से आए काली बाइक सवार दो नकाबपोश लुटेरों ने उसकी बाइक टक्कर मार कर सड़क पर गिरा दिया और शराब बिक्री के रुपये से भरा बैग छीनने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर 61550 रुपये से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। सेल्समैन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा व बदरका चौकी प्रभारी रबी शंकर मिश्र मय फोर्स के मौके पर पहुंचे।

सूचना पर सदर कोतवाली व गंगाघाट फोर्स के साथ जिले से स्वाट टीम प्रभारी भी पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने पीड़ित सेल्समैन से लुटेरों के हुलिया व घटना की जानकारी हासिल की। रात से पुलिस लुटेरों की खोजबीन में लगी हुई है। स्वाट टीम घटना के शिकार सेल्समैन व कैंटीन संचालक से थाने पर आकर घंटों पूछताछ की है। वही कैंटीन संचालक के पास मौजूद 25 सौ रुपये की नगदी बच गई। वारदात के समय चौराहे पर नहीं मौजूद थी पुलिस आजाद मार्ग चौराहा स्थित बंथर गांव के पास पुलिस का पिकेट प्वाइंट मौजूद है। जिसमें 24 घंटे बदरका चौकी व पीआरवी पुलिस तैनात रहती है। हाइवे पर हुई लूट की घटना चौराहा से मात्र 200 मीटर की दूरी पर है। मगर घटना के समय पुलिस चौराहे पर मौजूद नही रही।

जिससे रोड होल्डप की घटना घटित हो गई। घटनास्थल पर लूट की यह पहली घटना नही है। इसके पहले भी कई हादसे व लूट की वारदातें हो चुकी है। अगर पुलिस चौराहे पर मौजूद होती तो लुटरे घटना को अंजाम न दे पाते।

# युवक पर महिला ने नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने का लगाया आरोप



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। युवक पर नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप मां ने लगाया और कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी

कोतवाली क्षेत्र एक गाव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान निवासी ऋतिक उर्फ गौरव पुत्र बृजकिशोर शर्मा उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है जल्द ही आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# दोहरे हत्याकांड से जिले में मचा हड़कंप, भाई बहन को बंधक बनाकर उतारा मौत के घाट

### पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमों का गठन कर जल्द खुलासे के दिया भरोषा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जनपद के बिवांर थानाक्षेत्र के पारा गांव में दो सगे भाई बहन को बंधक बनाकर मौत के घाट उतारने की खबर से अचानक पूरे जनपद में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही जिले के आलाधिकारी सहित तीन थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेज दिया। फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम भी घटना स्थल का मुआयना कर एविडेंस इकठ्ठा करने में जुट गई।पड़ोसी युवक प्रह्लाद ने बताया की दोनो वृद्ध भाई बहन घर पर ही रहते थे और बीती रात्रि अज्ञात लोगों ने दोनो को बंधक बनाकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और गला दबाकर दोनो को मौत की नींद सुला दिया। जब पड़ोसियों ने घर में कोई चहल पहल नहीं देखी तो पड़ोसियों ने घर में जाकर देखा तो दोनो वृद्ध जनों के शव अलग अलग पड़े हुए थे और घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जिसकी सूचना प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर द्वारा तत्काल स्थानीय थाना बिवांर को दी गई। जिसकी सूचना पर जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए दोनो शवों को कब्जे में लेकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया की दो शव भाई बहन के अंदर मिले है दोनो शवो में हालांकि कोई चोट के निशान नही है पूरे मामले की गहनता से जांच करते हुए एसओजी सहित दो टीमों का गठन कर दिया गया है और मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।म्रतक के परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त कर मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।

चिंतन

# चुनाव प्रचार में बच्चों के प्रयोग पर रोक सराहनीय

लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार में बच्चों के दुरूपयोग पर सख्त निर्देश जारी कर सराहनीय कदम उठाया है। देश में चुनाव सुधार लंबे समय से लंबित है। ऐसे ही छोटे-छोटे कदमों से चुनाव प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में बच्चों और नाबालिग को शामिल न करने की हिदायत दी है। आयोग ने सख्त निर्देश जारी कर कहा है कि आम चुनाव में प्रचार के पर्चे बांटते हुए, पोस्टर चिपकाते हुए, नारे लगाते हुए या पार्टी के झंडे बैनर लेकर चलते हुए बच्चे या नाबालिग नहीं दिखने चाहिए। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव संबंधी कार्यों या चुनाव अभियान गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग की गाइडलाइन में किसी भी तरीके से बच्चों का राजनीतिक अभियान में शामिल करना, जिसमें कविता पाठ करना, गीत, नारे या बच्चों के द्वारा बोले गए शब्द या फिर उनके द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्हों का प्रदर्शन करना शामिल है, दंडनीय होगा। आयोग की स्पष्ट हिदायत है कि अगर कोई भी दल अपने चुनाव प्रचार में बच्चों को शामिल करते हुए पाया गया तो बाल श्रम से संबंधित सभी कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी को कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, किसी सियासी नेता के आस-पास अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की मौजूदगी को चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं किया गया है और न ही यह आयोग के निर्देश का उल्लंघन माना जाएगा। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। अब राजनीतिक नेता और उम्मीदवार प्रचार के दौरान बच्चों को गोद में नहीं ले सकेंगे, गाड़ियों में नहीं बिठा सकेंगे, अपनी रैली में शामिल नहीं कर पाएंगे। प्रत्याशी न ही बच्चों से कविता या गीत पढ़वा सकेंगे, न ही गाना गवा सकेंगे व न ही भाषण दिला सकेंगे। देश में राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल करते रहे हैं। बाल अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्थाएं इस प्रवृत्ति पर रोक की मांग लंबे समय से करती रही हैं। यूं तो बाल श्रम देश में बड़ी समस्या है, कई परिवारों के लिए यह मजबूरी भी है। इसके बावजूद बच्चों से उनका बचपन छीनना अन्याय है। चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल इसलिए भी गलत है कि उन बच्चों को यह नहीं पता कि वे राजनीतिक इस्तेमाल हो रहे हैं। राजनीतिक दलों को संसदीय चुनावों में लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना चाहिए। राजनीतिक दल भी अपने उम्मीदवारों को ऐसा करने से रोकें। सुरक्षित बचपन जरूरी है। वर्ष 2000 के बाद से चुनाव आयोन ने अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। इनमें चुनाव आयोग ने मतदान की शुरूआत होने से लेकर मतदान समाप्त होने के आधे घंटे बाद तक एक्जिट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च की सीमा का निर्धारण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, मतदान बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार, नोटा, ईवीएम व वीवीपैट, जीपीएस आदि शामिल हैं। लेकिन राजनीति का अपराधीकरण, दो स्थानों से चुनाव लड़ने, चुनावी रेवड़ियां, अधिक चरणों में चुनाव, भाषण के गिरते स्तर आदि जैसी बुराइयों पर रोक नहीं लग सकी है।

# नई भाजपा: राजनीति से राष्ट्रवाद तक के सफ़र का विहंगम दृश्य



विचार
अमित जोगी

कुहन क्रांति- दुनिया के सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिक-इतिहासकार डॉ थॉमस कुहन ने अपने शोध 'द थ्योरी ऑफ़ साइंटिफिक रिवोल्यूशंस' में एक नई शब्दावली का आविष्कार किया: 'पैराडाइम शिफ्ट'। बहुत सरल शब्दों में कहें, तो इतिहास में पैराडाइम शिफ्ट- जिसे हिन्दी में 'प्रतिमान विस्थापन' कहा जा सकता है- तभी होता है जब कुछ ऐसे घटनाक्रम या आविष्कार होते हैं, जो संपूर्ण मानव सभ्यता की सभी पुरानी स्थापित मान्यताओं को झूठा सिद्ध करके एक नये दृष्टिकोण की उत्पत्ति करने में विवश कर देते है। कुहन के शोध में उल्लेखित विज्ञानी प्रतिमान विस्थापन के मैं तीन सबसे प्रमुख विज्ञानी-उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर रहा हूँ:

(१) इतालवी खगोल-विज्ञानी गैलीलियो गलीलेई ने टेलिस्कोप के माध्यम से जब ये सिद्ध कर दिया कि सूर्य पृथ्वी के चारों तरफ़ नहीं घूमता है न कि पृथ्वी समेत सौर परिवार के बाक़ी सभी गृह, सूर्य की चारों तरफ़ निश्चित कक्षाओ में घूमते है;

(२) स्पैनिश समुद्री-नाविक क्रिस्टोफ़र कोलंबस ने भारत (ईस्ट इंडिया कंपनी)की जगह अमेरिका (वेस्ट इंडिया) पहुँच कर प्रमाणित कर दिया कि दुनिया चपटी नहीं बल्कि गोल है; और (*) सर आईसैक न्यूटन के तीनों नियमों को झुठलाकर दुनिया के सबसे प्रसिद्ध भौतिक-विज्ञानी सर अल्बर्ट आइंस्टाइन ने अपनी 'गणितीय गणना' के आधार पर आधुनिक विज्ञान का सबसे प्रसिद्ध समीकरण "**e=mc2**" का आविष्कार किया। इस एक्वेशन के अनुसार ऊर्जा (**E**) और कु छ नहीं बल्कि प्रकाश की गति से वर्गमूल से दुगना (**c2**) किया गया द्रव्यमान (**M**) है, जिसके कारण समय ही नहीं बल्कि हमारे द्वारा संपूर्ण अनुमानित भौतिक मान्यताएँ निरपेक्ष न रहकर सापेक्ष हो चुकी हैं। चूँकि बारहवीं कक्षा के बाद, मेरा विज्ञान से वास्ता लगभग छूट गया था, इसलिए मैंने कुहन के प्रतिमान विस्थापन के निष्कर्षों को अपने देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास को समझने में उपयोग किया है। इस बौद्धिक प्रयोग के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं।

'बुराई की धुरी' का अंत: बापू की अगस्त और मोदी की जनवरी क्रांतियाँ- राष्ट्रवादी इतिहासकार डॉ बिपिन चंद्र ने अपनी प्रभावशाली पुस्तक "भारत का स्वतंत्रता संग्राम" में जिस क्रांतिकारी भूमिका का १९४२ में कांग्रेस के "अगस्त क्रांति" में वर्णन किया था- जिसके अन्तर्गत बापू ने जापानी सम्राट हीरोहिटो की सेना और भारतीय सेना के युद्ध-बंदियों की साँठगाँठ से अपने सैद्धांतिक प्रतिद्वंदी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की "आजाद हिन्द फ़ौज"(**INF**) की असम की सीमा पर आक्रमण के परिप्रेक्ष्य में 'जर्मनी-इटली-जापान' की त्रिशंकु फासीवादी "बुराई की धुरी" (**Axis of Evil**) के विरुद्ध द्वितीय विश्व युद्ध में प्रथम बार अपने राजनीतिक जीवन में अहिंसा के मार्ग को छोड़, फासीवादी सेना के विरुद्ध सभी भारतीयों को सीधे लड़ने को कहा और "करो या मरो" के ऐतिहासिक नारा के अन्तर्गत "भारत छोड़ो आंदोलन" शुरू कर, अंग्रेजों को भारत को आज़ादी देने की अंतिम चेतावनी दे डाली थी। बापू और नेताजी की "अगस्त क्रांति" की यही क्रांतिकारी भूमिका को मैं आज़ादी के बाद के भारत के निर्माण में भाजपा की 2024 की "जनवरी क्रांति" में देख रहा हूँ। कुहन ने अपने शोध में उपरोक्त * बड़े 'प्रतिमान विस्थापन' का वर्णन किया था, जिनके आधार पर संपूर्ण दुनिया का ख़ुद को समझने का नज़रिया- जिसे हम 'आत्म-पहचान' कह सकते हैं- को बदल दिया था, किंतु सामयिक भारत में हो रही इस 'जनवरी क्रांति' ने जीवविज्ञान के 'डार्विनियन विकास' को एक प्रकार से 'मार्क्सवादी-विरोधी क्रांति' में परिवर्तित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



"जनवरी क्रांति" के पाँच स्तंभ- इस 'जनवरी क्रांति' को 6 भागों में समझा जा सकता है-

**सबके राम**

(१) न्यायमूर्ति श्री देवकी नंदन की पुस्तक "राम जन्मभूमि- ऐतिहासिक और क़ानूनी दृष्टिकोण" के अनुसार जब से 22-23 जनवरी 1949 की रात को सिपाही श्री अब्दुल बरकत ने बाबरी मस्जिद के गुंबद के नीचे राम लला की 51 इंच की लोहे से बनी प्रतिमा देखी, तभी से हिंदुओं की वाल्मीकि की रामायण और तुलसीदास की रामचरितमानस पर आधारित अवधारणा कि सरयू नदी के किनारे,अयोध्या के इसी स्थान पर "रामजन्म भूमि" है, जिसे मुग़ल शासनकाल में हिंदुओं को अधीन करने की नीयत से ध्वस्त करके बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया था, को फिर से मान्यता मिलने लगी। इसकी अधिकृत पुष्टि अयोध्या (तत्कालीन फ़ैजाबाद) के कलेक्टर श्री कड़नगलाथिल करुणाकरण नायर ने अपने आदेश में की। 37 सालों- 1949 से 1986-तक इस विवादित स्थल में दोनों हिंदुओ और मुसलमानों का पूजा अथवा इबादत हेतु प्रवेश प्रतिबंधित रहा। किंतु 1985 में सर्वोच्च न्यायालय के शाह बानो के पक्ष में निर्णय के बाद राजीव सरकार द्वारा 1986 में मुस्लिम महिला (तलाक़ अधिकारों का संरक्षण) में पारित अधिनियम पर तुष्टिकरण के आरोप- जिसमें न केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा बल्कि श्री राम जेठमलानी जैसे न्यायविद और राजीव मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण मुस्लिम सदस्य श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान भी शामिल थे- से ख़ुद को बचाने के लिए 1986 में 1949 से बाबरी मस्जिद के बंद ताले को खोल, वहाँ विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में राम लला के दर्शन की अनुमति देने का आदेश दिया। उनको लगा कि इन फ़ैसलों से वे मुस्लिम और हिंदू, दोनों को तुष्ट कर देंगे। मेरी समझ से यह स्वतंत्र भारत की सबसे बड़ी भूल रही है। जहाँ एक तरफ़ सर्वोच्च न्यायालय ने राजीव सरकार द्वारा इद्दत में तलाक़ के क़ानून को वैधानिक ठहराने के प्रयास को संविधान के "समान नागरिक संहिता" के प्रावधान के विरुद्ध करार दिया, वहीं भाजपा के तात्कालीन अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण आडवाणी- जिन्हें दो दिन पूर्व अंततः 'भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की गई- ने बाबरी मस्जिद के स्थान पर राम लला का मंदिर बनाने के उद्देश्य से1990 में देशव्यापी "राम रथ यात्रा" शुरू कर दी। इस यात्रा का उद्देश्य बाबरी मस्जिद के स्थान में राम लला का ऐसा भव्य मंदिर निर्माण करना था, जो कि पूरे विश्व में "भारत की 651 साल (मामलुक से लेकर मुग़ल राजवंशों) की मुस्लिम पराधीनता के विरुद्ध हिंदू गौरव की पुनः प्राप्ति" का एक शानदार स्मारक बन सके। 'जनवरी क्रांति' ने 22 जनवरी 2024 की राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में इस ऐतिहासिक उद्देश्य को न केवल प्राप्त किया बल्कि कुहन की परिभाषा में उसका 'प्रतिमान विस्थापन' भी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस तर्क के समर्थन में मैं राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले राष्ट्र और संघ के दोनों महानुभावों के व्याख्यानों के कु छ क्रांतिकारी अंशों का उल्लेख करूँगा:

**कमंडल में मंडल**

(२) **RSS**, भाजपा और विश्व हिंदू परिषद ने कांग्रेस से विगठित उत्तरदायी समाजवादी दलों की 'मंडल राजनीति' के ख़िलाफ़ 1979 से 1992 तक संयुक्त रूप से 'कमंडल आंदोलन' को संचालित किया जिसके परिणाम-स्वरूप 6 दिसंबर 1992 को अंततः बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया। हिंदुत्व के सबसे बड़े आलोचक बुद्धिजीवी श्री क्रिस्टोफ़ जाफ़रलोट की मानें, तो बाबरी मस्जिद ध्वस्तीकरण के बाद उन्होंने धीरे-धीरे कमंडल को पीछे करके, मंडल में सीधे तौर पर हस्तक्षेप करना प्रारंभ कर दिया। उनका मक़सद मंडल राजनीति में उपेक्षित पिछड़ा वर्ग और दलित समुदायों को राजनीतिक महत्व देकर एक नया सामाजिक समीकरण की स्थापना करना था। इंडिया गठबंधन के "बहुसंख्यक पिछड़ा वर्ग विशेषकर यादव (**P**), बहुसंख्यक दलित जैसे जाटव (**D**) और बहुसंख्यक अल्पसंख्यक जैसे सुन्नी मुस्लिम (**A**) के तथाकथित '**PDA**' फार्मूला के विरुद्ध उन्होंनेसामान्य (**General**), अति पिछड़ा वर्ग (**EBC**) और ग़ैर-जाटव दलित (**Non-Jatav**)" का '**GEN-J**' समीकरण तैयार किया है।

**'निर्देशों' से 'न्याय' तक का सफ़र**

(3) उत्तरांचल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और अन्य भाजपा शासित राज्यों मेंसमान नागरिकता संहिता के क़ानून जनवरी २०२४ मेंतेजी सेपारित हुए हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य मुसलमानों को 'मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीअत) एप्लीकेशन एक्ट 1937' के अन्तर्गत दिये गए विशेष निजी अधिकारों, जैसे कि तीन तलाक़ और एकाधिक विवाह, और कश्मीर की पूर्व रियासत को अनुच्छेद 370 के अन्तर्गत विशेष दर्जा देना, जो कि संवैधानिक मौलिक अधिकारों के प्रावधानों के विपरीत हैं,को भंग करके देश के सभी समुदायों, वर्गों, राज्यों और धर्मों के बीच एक समान क़ानून स्थापित करना है।

**लेन-देन की कू टनीति**

(4) 2024 सेलगातार भारत के अंतराष्ट्रीय संबंधों मेंभी क्रांतिकारी परिवर्तन देखनेको मिलेहैं। पंडित नेहरू द्वारा शीतयुद्ध के दौर मेंस्थापित'गुट निरपेक्ष आं दोलन'के अंतराष्ट्रीयवाद (**internationalism**) का स्थान अलग-अलग राष्ट्रों और वैश्विक संस्थाओं के साथ 'लेन-देन' पर आधारित (**transactional-nationalism**) कू टनीति नेलिया है। इसमेंसैद्धांतिक अवधारणों के स्थान पर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो चुका है। आज भारत के साथ रुस और अमेरिका, चीन और **ASEAN** देशों, और अरब राष्ट्रों और इज़राइल जैसे परस्पर विरोधी अंतराष्ट्रीय ध्रुवों के साथ'मोदी जी के नए भारत' ने अप्रवासी भारतीयों की जनसंख्या और गुणवत्ता (अप्रवासी भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय इन सभी देशों के मूल निवासियों के ढाई गुना अधिक है) के आधार पर अमेरिका, कै नेडा, यूनाइटेड किंगडम, यूरोपियन यूनियन और दक्षिण अफ़्रीका जैसेपहली-पंक्ति के राष्ट्रों मेंअपना राजनीतिक और आर्थिक वर्चस्व क़ायम करके ख़ुद को भौतिक और आध्यात्मिक, दोनों रूप से "विश्व गुरु" स्थापित कर चुके है।

**ग़ुलामी का मार्ग**

(5) विगत 20 सालों से जो भी मुझसे मिले हैं, उन्होंने मेरी ऑफिस की टेबल पर ऑस्ट्रिया के अर्थशास्त्री फ्रेड्रिक वॉन हायेक की पुस्तक "द रोड टू सर्फ़डम" (ग़ुलामी का मार्ग) अवश्य देखी होगी। मैं इसको अपनी बाइबल, क़ुरआन और रामचरितमानस मानता हूँ। वॉन हायेक की इस क्रांतिकारी पुस्तक का सारांश "मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस" है- जिसे मोदी जी ने अपनी सरकार का मूलमंत्र बना दिया है। मेरे पिता जी भी वॉन हायेक के विचारों से विशेष रूप से प्रभावित थे। मोदी और जोगी, दोनों की मान्यता है कि वही सरकार अच्छी है जो कम से कम शासन में हस्तक्षेप करती है, और लोगों को रबड़ी देने की जगह उन्हें ख़ुद रबड़ी बनाने, खाने और बेचने के लिए सक्षम करती है।

**सुपरहीरो**

(6) भारतीय सभ्यता के 5000 साल लंबे इतिहास में मौर्य सम्राट अशोक (268-232 **BCE**), मुग़ल बादशाह अकबर (1556-1605 ईसवी), महात्मा गांधी (1920-1948 ईसवी) के बाद अब श्री नरेन्द्र मोदी 5वें ऐसे भारतीय हैं, जिनको मनो वैज्ञानिक श्री कार्लगुस्ताव यूँग द्वारा परिभाषित 'हीरो-उपासना मण्डल' में स्थापित कर, उनकी जर्मन दर्शनशास्त्री श्री फ़्रेडेरिक नितज़े के 'सुपर-हीरो'- जिसको 'विश्वगुरु' भी कहा जा सकता है- के रूप में विरपूजा होना सामान्य हो चुका है। इस विरपूजा का आधार मोदीवाद के सबसे प्रतीक नारा "मोदी है तो मुमकिन है" में मिलता है। यह इस अवधारणा को परिलक्षित करता है कि मोदी जी के कारण ही सब कु छ संभव हो पा रहा है।

(- लेखक के यह अपने विचार है)

चर्चा में
विवेक शुक्ला



# लालकृष्ण आडवाणी के छोटे घर की बड़ी सी कहानी


राजधानी दिल्ली के दिल शाहजहां रोड से पंडारा पार्क के सी- 1/6 वाले फ्लैट में पहुंचने में पांच मिनट भी नहीं लगते। पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने इस फ्लैट को लेकर एक बार कहा था कि उन्हें पंडारा पार्क के अपने घर से 'सेंटिमेंटल अटैचमेंट' हैं। आडवाणी जी के कद के नेता के लिहाज से पंडारा पार्क सी- 1/6 फ्लैट बहुत छोटा था। पर वहां पर देश-विदेश के बड़े नेता आते रहे। उसकी लंबी कहानी है। यहां पर अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर भाजपा और अन्य दलों के शिखर नेता उनसे मिलने आते रहे। इधर ही तैयार हुई थी आगरा समिट की जमीन। आडवाणी जी 1970 में पंडारा पार्क में शिफ्ट कर गए थे राज्यसभा का सांसद बनने के बाद। उसके बाद वे वहां जनता पार्टी सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उप प्रधानमंत्री बनने के बाद भी रहे। उनका पंडारा पार्क सी- 1/6 कुल जमा 32 सालों तक आवास रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा कि तो उनके पंडारा पार्क वाले घर का भी जिक्र होने लगा। वे तो 2002 में भी पृथ्वीराज रोड के बंगले में शिफ्ट होने को लेकर कोई बहुत उत्साहित नहीं थे। पर संसद भवन में 13 दिसंबर, 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उनसे सुरक्षित समझे जाने वाले पृथ्वीराज रोड शिफ्ट होने की गुजारिश की। वे तब कहीं जाकर पंडारा पार्क से अपने नए आशियाने में शिफ्ट हुए।

मशहूर लेखक और टीवी एंकर करण थापर ने अपनी किताब 'डेविल्स एडवोकेट द अनटोल्ड स्टोरी' में दावा किया है कि वर्ष 2001 में पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की भारत यात्रा और उसके बाद आगरा समिट की जमीन आडवाणी जी के पंडारा पार्क वाले घर में ही तैयार हुई थी। उन्होंने लिखा है- " मैं आडवाणी जी से पत्रकार के रूप में कई बार मिल चुका था, पर पाकिस्तान के भारत में हाई कमिशनर जहांगीर अशरफ, जो मेरे मित्र थे, ने मेरे से कहा कि वे चाहते हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच संबंधों में सुधार हो। उनकी ख्वाहिश थी कि मैं उन्हें आडवाणी जी से मिलवा दूं, पर मैंने उन्हें पहले रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज से मिलवाया। उसके बाद आडवाणी जी से। यह 1999 की बातें हैं। "करण थापर के प्रयासों से आडवाणी जी से पहली बार जहांगीर अशरफ उनके पंडारा पार्क वाले घर में मिले। पहली मुलाकात सुबह दस बजे हुई। वहां तब कोई नहीं था। पहली मुलाकात 90 मिनट चली। करण थापर ने आगे लिखा कि "आडवाणी- अशरफ जहांगीर के बीच गुप्त बैठकें होने लगीं। उनके बारे में संभवतः सुधीन्द्र कुलकर्णी को आइडिया था। वे तब अटल बिहारी वाजपेयी के स्पीच राइटर हुआ करते थे। उन बैठकों के बाद भारत ने मई, 2001 में परवेज मुशर्रफ को भारत आने का निमंत्रण भेजा। तब ही तय हुआ था कि आगरा में भारत-पाकिस्तान के बीच समिट होगा। उसमें दोनों देश आपसी विवाद हल करने की कोशिश करेंगे। "

बहरहाल, आगरा समिट के असफल होने के पीछे आडवाणी जी के सख्त रवैये को भी दोषी माना गया था। उसके बाद उनसे बहुत सारे पत्रकार और लेखक पंडारा पार्क में मिलने पहुंचते। हालांकि भारत के पाकिस्तान में हाई कमिशनर रहे अजय बिसारिया ने अपनी हालिया किताब 'एंगर मैनेजमेंट: द ट्रबल्ड डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप बिटविन इंडिया एंड पाकिस्तान' में लिखा है कि परवेज मुशर्रफ का कश्मीर पर सार्वजनिक रूप से अपने उग्र विचारों को व्यक्त करना, आतंकवाद को रोकने के लिए उनकी मंशा में कमी आदि के कारण आगरा समिट विफल रहा था, ना कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के रवैये के कारण। अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे, तब उनके प्रमुख सहयोगी भी रहे अजय बिसारिया। उन्होंने अपनी किताब में ऐतिहासिक आगरा शिखर सम्मेलन के बारे में नाटकीय घटनाक्रम वाली अनेक जानकारी साझा की हैं।

भारतीय जनता पार्टी के शिखर नेता लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजेपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते।

# आत्मबल प्राप्ति के लिए ईश्वर का सान्निध्य जरूरी



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।


# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन् 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कैंसर से बचाव के लिए उचित जीवनशैली जरूरी**

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। - **संजीव काले**, बिलासपुर

## ट्रेंड

**संगीत कलाकारों को बधाई**



संगीत के प्रति आपकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है। भारत को गर्व है। ये उपलब्धियां आपके द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत का प्रमाण है। यह नई पीढ़ी के कलाकारों को संगीत में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**यूपी के बजट में जनहित कम**



यूपी सरकार का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा व व्यापक जनहित का कम लगता है। सरकार की विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह हैं, लेकिन क्या विकास संबंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। **-मायावती, पूर्व सीएम व बसपा प्रमुख**

**90% जनता के लिए कुछ नहीं**



यूपी का बजट चाहे सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का,सवाल यही रहेगा कि 90 फीसदी जनता मतलब 'पीडीए' के लिए इसमें क्या है। भाजपा की नीति आम जनता विरोधी है वो 10 फीसदी संपन्न लोगों के लिए 90 फीसदी बजट रखती है। **-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**

**सम्मान का भाव**



आसन के अलावा और कोई उन्हें बैठने के लिए कहे तो वह नहीं बैठेंगी। उपसभापति के लिए सबके मन में सम्मान का भाव है। अगर आप हमें यह कहेंगे कि बैठ जाओ तो हम बैठ जाएंगे। लेकिन अगर कोई दूसरा हमें हाथ हिला-हिला कर कहे कि बैठ जाओ तो हम नहीं बैठेंगे। **-जया बच्चन, सांसद**

## करंट अफेयर

# मालदीव से भारतीय सैनिक 10 मार्च से लौटने लगेंगे



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि द्वीप राष्ट्र से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले वापस भेजा जाएगा जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म में तैनात बाकी के भारतीय सैनिकों को 10 मई तक हटा दिया जाएगा। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी खत्म कर देंगे और समुद्री क्षेत्र को फिर से अपने कब्जे में लेंगे।

## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ने का डर वास्तव में अज्ञात का डर है



मानव इतिहास में पहली बार, हमने एक ऐसे युग में प्रवेश किया है जिसमें बुढ़ापे तक पहुंचना मामूली बात मानी जाती है। पिछले युगों के विपरीत, जब अधिक उम्र तक रहना मुख्य रूप से विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए एक विलासिता थी, विश्व स्तर पर लगभग 79% महिलाएं और 70% पुरुष 65 वर्ष और उससे अधिक की आयु तक पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं। लंबी जीवन प्रत्याशा के बावजूद, समकालीन पश्चिम में कई लोग बढ़ती उम्र को अवांछनीय और डरावना भी मानते हैं। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि उम्र बढ़ने के बारे में चिंता वास्तव में अज्ञात का डर हो सकता है।

संक्षेप

## बांदा में अधिवक्ता संघ का चुनाव

### 12 बूथों पर 1412 मतदाता डालेंगे वोट, 4 पदों के लिए 17 प्रत्याशियों में मुकाबला

बांदा, बांदा में आज जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 1412 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पदों के लिए 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। कमेटी ने मतदान की तैयारी पूरी कर ली है और मतदान शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद का मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है, जबकि महासचिव पद के लिए सात प्रत्याशियों के बीच घमासान रहेगा। पूरा मामला बांदा जनपद के जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष और महासचिव समेत चार पदों के लिए 17 प्रत्याशियों के लिए मतदान शुरू हुआ है। चुनाव के दौरान 1412 मतदाता अधिवक्ता वोट डालेंगे। वहीं कमेटी पदाधिकारी ने तैयारी पूरी कर ली है और वोटिंग भी शुरू हो गई है। वोटिंग के लिए 12 बूथ बनाए गए हैं। हर बूथ में 120 मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदान स्थल पर प्रत्याशी सिर्फ वोटिंग डाल सकेंगे इसके अलावा सभी प्रत्याशी और उनके एजेंट बाहर से ही जायजा लेंगे।पीठासीन अधिकारी समेत 3 सदस्य हर एक बूथ की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं अध्यक्ष पद के लिए अशोक दीक्षित, धनराज सिंह और द्वारिका यादव मंडेला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। वहीं महासचिव पद के लिए सात उम्मीदवार के बीच घमासान संघर्ष जारी रहेगा। मतदान सुबह 11:00 से शाम को 4:00 बजे तक रहेगा और उसके कुछ देर बाद ही मतगणना होगी।

## सीतापुर में महिला की मारपीट के दौरान हत्या

### नाली के विवाद में दबंगों ने घर के बाहर वारदात को दिया अंजाम, 4 पुरुष और दो महिलाओं पर एफआईआर

सीतापुर, सीतापुर में मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित अन्य लोग जख्मी हुए हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने मामले में 4 पुरुष और दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। घटना महोली कोतवाली इलाके की है। यहां के ग्राम नियाजपुर में महिला की मारपीट के दौरान हुई मौत से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, बब्बे पुत्र बाबू मनिहार और उसी गांव के निवासी इलियास के बीच नाली के बहने वाले पानी को लेकर सोमवार सुबह विवाद होने लगा। बताया जाता है कि पानी के बहने पर आपसी कहासुनी के बाद विपक्षी इलियास अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडे लेकर बब्बे के घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि इसका विरोध जब बब्बे की पत्नी शाहजहां ने किया तो दबंगों ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में बब्बे की पत्नी सहित दो अन्य महिलाओं को भी गंभीर चोटें आईं।

## दो दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

### कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वैज्ञानिकों ने दिया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। दो दिवसीय मौनपालन प्रशिक्षण, सशस्त्र सीमा बल नानपारा,बहराइच की बटालियन 42वी एवं बटालियन 59वी वाहनी के जवानों को सीमा से लगे गावों के किसानों सहित वाहनी के सक्षम अधिकारी के अनुरोध पर प्रशिक्षत किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. शशिकांत कुमार बरगाह ने बताया कि किसान मधुमक्खी पालन से अधिक आय कमा सकते हैं ।डा.पी.के. सिंह ने मधुमक्खी पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसके अंतर्गत डॉ सिंह ने बताया कि कृषि आधारित उद्यम आरम्भ करने के लिए मधुमक्खीपालन अति उपयुक्त है। मधुमक्खी पालन को एक दिलचस्प रुचि, अतिरिक्त व्यवसाय तथा मौन उत्पादों तथा परागण प्रबंधन से जोड़कर व्यवसायिक उद्यम के रूप में अपनाया जा सकता है ।डा.पी.के. सिंह ने बताया कि मधुमक्खी पालन की शुरूआत करने पर 35 से 40 हजार रुपये तक का खर्च आता है। मधुमक्खियों की संख्या भी हर साल बढ़ती जाती है, बता दें जितनी ज्यादा मधुमक्खियां बढ़ेंगी उतना ज्यादा ही शहद उत्पादन भी होगा और मुनाफा भी कई गुना बढ़कर लाखों का हो जाएगा। उन्होने बताया कि आधुनिक विधा द्वारा इटेलियन प्रजाति की मधुमक्खी द्वारा मौनग्रह में ही पालन किया जाता है जबकि अन्य प्रजातियाँ सक्षम नहीं होती है और आधुनिकतम ढंग से मधु निष्कासन कार्य किया जाता है, जिसमें अण्डे बच्चे का चैम्बर अलग होता है। शहद चैम्बर में मधु भर जाता है। मधु भर जाने पर मधु फ्रेम सील कर दिया जाता है। शील्ड भाग को चाकू से परत उतारकर मधु फ्रेम से निष्कासक यंत्र में रखने से तथा उसे चलाने से सेन्ट्रीफ्यूगल बल से शहद निकल आता है तथा मधुमक्खियों का पुनः मधु इकट्ठा करने के लिए दे दिया जाता है। इस प्रकार मधुमक्खी वंश का भी नुकसान नहीं होता है तथा मौसम होने पर लगभग पुनः शहद का उत्पादन हो जाता है। ।सुनील कुमार ने मधुमक्खी पालन करते समय बरतने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया साथ ही साथ सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों द्वारा कृषि विज्ञानं केंद्र नानपारा, बहराइच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ बैंक कर्मियों के सहयोग से लाभार्थी को मिला तो उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई ।उन्होंने बैंक कर्मियों का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की सराहना की और उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह लोग जीवन ज्योति बीमा से अवश्य जुड़े।थाना सुजौली के लोहरा कारीकोट निवासी प्रेम कुमार की पत्नी का देहांत लम्बी बीमारी से हो गया था।मृतक महिला का खाता भारतीय स्टेट बैंक गिरिजापुरी के शाखा में खुला था जिससे लेन देन चलता था खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना भी जुड़ी हुई थी जिसका प्रीमियम समय समय पर महिला के खाते से कटता रहता था। स्टेट बैंक शाखा के सीएसपी संचालक प्रीतम कुमार के द्वारा यह खाता खोला गया था। लेकिन जब खाता धारक महिला की मौत हो गई तो परिजनों ने बीमा क्लेम पाने के लिए बैंक से संपर्क किया। भारतीय स्टेट बैंक गिरिजापुरी के शाखा प्रबंधक शिवेंद्र प्रताप,कैशियर कपिल देव तथा प्रीतम कुमार ने मृतक के परिजनों का भरपूर सहयोग किया फलस्वरूप खाता धारक मृतक महिला के पति प्रेम कुमार को दो लाख रुपये का क्लेम प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि प्रेम आर्थिक रूप से कमजोर है। बीमा की राशि मिलने से परिवार के जीवन यापन में सहयोग मिल गया। क्लेम मिलने पर पीड़ित ने बैंक कर्मियों का आभार जताया।

## लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम के तहत विभिन्न पदों पर होगी नियुक्ति

### निर्धारित पात्रता वाले अभ्यर्थी 15 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद बहराइच में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच विराट शिरोमणि ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित योग्यताओं के अनुसार जनपद में चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल हेतु 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल हेतु 01 पद एवं असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल हेतु 02 पद सहित कुल 04 पदों पर नियुक्ति की जानी है। आवेदक निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन की समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए 15 फरवरी 2024 की शाम 05 बजे तक अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच कार्यालय में प्राप्त करा दें। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय, बहराइच की वेबसाइट से प्राप्त बहराइच डाट डीकोर्ट डाट जीओवी डाट इन, बहराइच डाट डीकोर्ट डाट जीओवी डाट इन/हाय कर सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता के लिए शिक्षकों ने निकाली रैली

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक शामिल हुए।मतदाता जागरूकता रैली के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि भारत एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश है। भारत के नागरिकों कों शत प्रतिशत मतदान देकर एक मजबूत सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका चाहिए। हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निर्धारित 18 आयु वर्ग या उससे अधिक उम्र के लोग मतदान कर सकते है। मतदान के माध्यम से हम सभी अपने उम्मीदवार कों चुन सकते है. मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों कों मतदान का महत्व बताया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के प्रति जागरूक हो और सही उम्मीदवार कों चुन सके। रैली ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज मुख्यालय (बाबागंज) से नई बाजार बाबागंज आदि होते हुए पुनः मुख्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक व अन्य कर्मचारियों ने हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। जिसमे पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसी स्लोगन लिखा था।रैली में मतदाताओ कों पम्पलेट्स के माध्यम से जागरूक किया गया।

इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा सहित एआरपी विपिन सिंह, राकेश मौर्य, सुनील कुमार एवं विनोद गिरि, वैभव सिंह विशेन, विकास वर्मा, सजल मिश्रा, अजीत सिंह, राकेश सिंह, नन्द किशोर वर्मा, पवन कुमार, बबिता सिंह, चंद्रप्रभा सिंह, नेहा त्रिपाठी, करुणा वर्मा इत्यादि उपस्थिति रहे।

## कलक्ट्रेट में ग्रामीणों का प्रदर्शन



- चकबंदी की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन, गांव के लोगों ने रुकवा दी थी प्रक्रिया

संवाददाता

हमीरपुर, हमीरपुर में आज दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है और गांव में चकबंदी कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ लोग नहीं चाहते कि गांव में चकबंदी हो इसलिए चकबंदी कर्मियों ने रिपोर्ट लगा दी कि गांव के लोग चकबंदी नहीं कराना चाहते। डीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचने वाले यह सभी लोग सरीला तहसील क्षेत्र में भेड़ी डांडा गांव के रहने वाले थे। ज्ञापन के माध्यम से इन लोगों ने कहा कि हम सभी लोग गांव में चकबंदी कराना चाहते हैं, लेकिन कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के लिए गांव के लोगों के फर्जी दस्तखत कर के चकबंदी प्रक्रिया रुकवा दी है, जो की पूर्णतया गलत है। अरुण कुमार द्विवेदी और विवेक कुमार पाठक ने बताया कि गांव में 2024 से कागजों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसपर कुछ लोगों ने रोक लगवाई हुई है, जबकि हम सभी लोग चाहते हैं की जल्द से जल्द चकबंदी पूरी हो ताकि हमारे छोटे-छोटे खेत एक ही जगह हो सकें। गांव के कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ की वजह से फर्जी दस्तखत करते हुए गांव में चकबंदी प्रक्रिया रुकवाई हुई है।

## बलहा विधानसभा के ग्रामीणों का गांव में मिलेगा नि:शुल्क इलाज

### शिविर के लिए सभी तैयारी कर ली गई है पूरी: आलोक जिंदल संयोजक

### 9 व 10 फरवरी को 22 ग्रामो में आयोजित होंगे स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों तथा भारत नेपाल सीमा पर निवास कर रहे लोगों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों को गांव में योग्य एवं प्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा शिविर लगाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जायेगी। नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन सेवा अवध प्रांत द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 और 10 फरवरी को आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दृष्टि से जिला नानपारा संयोजक बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल को बनाया गया है शिविर की देखरेख की व्यवस्था तथा डाक्टरों व दवाई की पूरी जिम्मेदारी आलोक जिंदल निभायेंगे। यात्रा शिविर के संयोजक ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा शिविर की तैयारी पूरी कर ली गई है किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। क्षेत्र के लोगों को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक किया गया है जिससे कैंप में पहुंचकर अधिक से अधिक लोग डाक्टरों से परामर्श लेकर चिकित्सीय लाभ प्राप्त कर सकें 8 फरवरी देर शाम डॉक्टरों की टीम मिहींपुरवा पहुंच जाएगी और 9 और 10 फरवरी को 22 चयनित स्थलों पर शिविर लगाकर लोगों को चिकित्सीय लाभ दिलाया जाएगा जिसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम शामिल रहेगी। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के संयोजक आलोक जिंदल ने बताया की सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 9 फरवरी से विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र में 9 फरवरी को आयोजित चिकित्सा शिविर आयोजन में बर्दिया, फकीरपुरी, आंबा, सलारपुर, भगडिया, परगहवा, औरहवा ,जोगनिया, पड़रिया, करमोहना, सोहनी बलाई गाँव,कठौतिया, शामिल हैं। तथा 10 फरवरी को रमपुरवा, सुजौली, चहलवा, मिहींपुरवा, गौरापिपरा, गोपिया, सोंगवा, कंजीबाग, अयोध्या गाँव, मटेही कला, हरखापुर गाँव शामिल हैं। सभी गांव में चिकित्सा शिविर के लिए तैयारी पूरी तरह फाइनल हो गई।ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य शिविर यात्रा का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों में तथा भारत नेपाल सीमा पर वास करने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने की एक बेहतरीन मुहिम चलाई जा रही है जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## समीक्षा अधिकारियों की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक रवीन्द्र भारती व सहायक पर्यवेक्षक अखिलेश कुमार पंकज, परीक्षा हेतु नियुक्ति सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 15 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक एवं सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हम सब की यही जिम्मेदारी है कि आयोग की मंशानुरूप शुचिता पूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, प्रसाधन एवं प्रकाश के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाएं। यदि किसी केन्द्र पर प्रकाश का समुचित प्रबन्ध नहीं है वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाय। पर्यवेक्षकों द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों को सुझाव दिया गया कि प्रश्न पत्रों के बण्डल खोलने तथा परीक्षा के उपरान्त उन्हें सील्ड करने की कार्यवाही पूरी सावधानी के साथ की जाय। प्रश्न पत्रों को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सील्ड करने के कार्य की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाय। बैठक के दौरान आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षकों द्वारा मौजूद लोगों को आयोग की ओर से जारी मार्गदर्शिका प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। बैठक का संचालन नामित नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, महसी के राकेश कुमार मौर्या, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, पयागपुर दिनेश कुमार व नानपारा अजीत परेस, सिओ सिटी राजीव सिसौदिया, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, प्राचार्य केडीसी विनय सक्सेना सहित केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

निर्देश

### इको विलेज के रूप में विकसित होंगे सरयू किनारे के दो गांव, डीएम ने दिए निर्देश

## गंगा ग्राम के शिल्पकारों को बढ़ावा दिया जाएगा,हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, जिलाधिकारी नितीश कुमार अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला गंगा जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सरयू एक्शन प्लान 2024 अर्थ गंगा मिशन के तहत घाट पर हाट कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा ग्राम के शिल्पकारों को बढ़ावा देने, नदियों को नियमित स्वच्छ बनाये रखने पर चर्चा हुई। इस दौरान सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, जनपद में प्राकृतिक कृषि व जैविक कृषि के क्षेत्रफल को बढ़ाने, जीडीपीएमएस में सम्बंधित से वांछित सूचना भेजने आदि बिन्दुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सरयू नदी के किनारे के दो ग्रामों को चयनित कर पूर्ण जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुये उन्हें इको विलेज के रूप में विकसित करने के सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जिला गंगा समिति एवं जिला आद्र भूमि समिति द्वारा प्रस्तावित उधैला झील के प्राकृतिक विकास की योजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। 72 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली उधैला झील के प्रथम चरण में लगभग 9 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक विकास का कार्य किया जायेगा, जिसमें नेचुरल इण्टरपटेशन सेण्टर (एनआईसी), वाच टावर (दो), चिल्ड्रेन पार्क, पक्षियों हेतु माउण्ट, बम्बू कैण्टीन, गजीलों (दो), नेचर ट्रेल आदि का विकास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने इन कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से एवं अपेक्षित समय में पूर्ण कराने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उक्त कार्यो के साथ ही उधैला झील में आने वाले विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों से सम्बंधित विवरण वहां पाये जाने वाले पेड़ों की जानकारी के आकर्षक सूचना बोर्ड भी लगाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को जनपद में प्राकृतिक कृषि व जैविक कृषि के क्षेत्रफल में और वृद्धि करने तथा विगत वर्षो में प्राकृतिक कृषि व जैनिक कृषि क्षेत्रफल में बढ़ोत्तरी के कार्यो का वर्षवार विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जी0डी0पी0एम0एस0 में सम्बंधित विभागों से सम्बंधित वांछित सूचना शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक की। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ने वर्ष 2024-25 में वन एवं वन्य जीव विभाग व अन्य विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य का विभाग वार विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 हेतु जनपद को कुल 3812680 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें ग्राम विकास विभाग को 1378000, राजस्व विभाग को 115000, पंचायती विभाग को 139000, आवास विकास विभाग को 6000, औद्योगिक विकास को 7000, नगर विकास को 23000, लोक निर्माण विभाग को 13000, सिंचाई विभाग को 13000, कृषि विभाग को 276000, पशुपालन विभाग को 7000 पौधे रोपण करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग को 6160, उद्योग विभाग को 10000, विद्युत विभाग को 5040, माध्यमिक शिक्षा को 8000, बेसिक शिक्षा को 14000, प्राविधिक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 19000, श्रम विभाग को 37000, स्वास्थ्य विभाग को 10000, परिवहन विभाग को 3000, रेलवे विभाग को 12000, रक्षा विभाग को 8000, उद्यान विभाग को 169000, पुलिस विभाग को 7280, पर्यावरण विभाग को 248000 व वन एवं वन्य जीव विभाग को 131000 को लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## प्रतापगढ़ में कार से मिला एक कुंतल गांजा, ड्राइवर गिरफ्तार

- माल की कीमत 20 लाख रुपए, पुलिस और आबकारी टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ में पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार की तलाशी में एक कुंतल गांजा बरामद किया है। ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत ले लिया। गांजा की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। भड़चक के पास से मुखबिर की सूचना पर पुलिस और आबकारी ने घेराबंदी कर कार की तलाशी ली। कार में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कार ड्राइवर से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अजय यादव बताया। वह बजहा भीट का रहने वाला है। प्रतापगढ़ के मानिकपुर थाना क्षेत्र मे गांजा लेकर सप्लाई करने युवक जा रहा था। जहां सोमवार शाम 6 बजे मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस व आबकारी टीम ने युवक को कार सहित पकड़ लिया। कार की तलाशी के दौरान डिग्गी में पैकेट में एक कुंतल गांजा मिला। पुलिस ने तौल कराने के साथ ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांजा की कीमत करीब बीस लाख रुपए है। मानिकपुर पुलिस और आबकारी को सूचना मिली थी कि एक बड़ा गांजा तस्कर कार से आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने पूरे प्लान के साथ कार को घेर लिया। उस समय कार भड़चक के पास खड़ी थी।

# संक्षेप

## सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, दूसरा साथी घायल

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम तिलौरा चौराहे के पास गुरुवार शाम 5.00 बजे सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार लाया गया, जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया है। वहीं दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम बारी-गांव बनकटा निवासी राजन चौरसिया 27 वर्ष के रूप में हुई है। दूसरा घायल साथी सूरत गौड़ 25 वर्ष उसी गांव का रहने वाला है। नगर पंचायत घघसरा के मोहल्ला डुमरी में दोनों की रिश्तेदारी थी। राजन और सूरत बीते बुधवार को वहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आज लोग बाइक से घर वापस जा रहे थे कि उनकी अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई और लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची घघसरा पुलिस मृतक राजन चौरसिया के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है।

## ककोड़ में जला हुआ लावारिस शव मिलने का मामला

खुर्जा, ककोड़ कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व लावारिस युवक की जली हुई लाश मिलने से ग्रामीणों में सनसनी मच गई थी। लावारिस शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची ककोड़ पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। बिसरा जांच से मृतक की शिनाख्त के बाद अब पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए मामले का खुलासा किया है। ककोड थाना क्षेत्र के गाँव रमानी मे एक सप्ताह पहले रोड के किनारे रखे बुर्जी बिटोड़े के समीप एक जली हुई लावारिस लाश पड़ी मिली थी। जली हुई लाश मिलने की सूचना पर ग्रामीणों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। लावारिस जली लाश मिलने की सूचना पर पहुंची ककोड़ कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव पोस्टमार्टम को भेजा था।

## शिकारपुर कस्बे में बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

खुर्जा, शिकारपुर नगर में एसडीओ, जेई कमलेश कुमार, के साथ विद्युत विभाग की संयुक्त टीम के नेतृत्व में विद्युत चैकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान नगर में बिजली के दो हजार से ऊपर वाकायेदारों से वसूली की गई साथ ही साथ जिन बकायेदारों द्वारा बकाया राशि नहीं जमा किया गया उन पर कार्यवाही करते हुए उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। कटिया कनेक्शन तथा बाइपास कनेक्शन से विद्युत चोरी करने वालों का विद्युत विभाग के द्वारा कार्यवाही भी की गई जिनका मीटर खराब व डिस्प्ले नहीं आने पर उनका तत्काल मीटर भी लगवाया गया जेई कमलेश कुमार, ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा आदेश के अनुसार चैकिंग कराया जा रहा है

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों का सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित है नगर पंचायत घघसरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पेंशन तथा सन 1857 के शहीदी परिजनों का नाम शहीद स्मारक नयी दिल्ली में अंकित करने हेतु आज दिनांक 08/02/2024 को घघसरा (सहजनवा, गोरखपुर) में अल हिंद पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार के तत्वाधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गोरखपुर जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों ने भाग लिया। इस आयोजन में करीब डेढ़ सौ शहीदी परिवारों के परिजनों ने भाग लिया। सन 1992 से यह आन्दोलन शुरू होकर दिल्ली हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट होते हुये



आज इस मुकाम पर पहुंचा है कि भारत सरकार को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा गठित आयोगों व कमेटियों के रिक्मेंडेशन के अनुसार सभी शहीदी व बलिदानी पूर्वजों के परिजनों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित का पेंशन दिये जाने हेतु भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष को जारी रखने पर जोर दिया गया। इस सभा में संघर्षरत शहीदी परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सभा में अल हिंद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने विशेष संदेश के साथ भेजा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ कटियार के निर्देशन में यह आयोजन किया तथा आगामी समय में इसे प्रभावी रुप से संघर्ष को भारत सरकार के समक्ष रखने का संकल्प दोहराया गया। सभा को देवेन्द्र कुमार के अलावा प्रिया कुमारी, गीता सिंह, सरिता सिंह, अनार कली, श्रीराम , दिनेश भारती, अवधेश, दीपक सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित कर संघर्ष को धार देने पर जोर दिया।

# कंपाउंडर के भरोसे चल रहा है राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिला अस्पताल गोरखपुर के इमरजेंसी प्रांगण में स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजकल कंपाउंडर के भरोसे ही चल रहा है। यहां पर कोई स्थाई डॉक्टर नहीं है जिससे डॉक्टर का कार्य यहां का फार्मासिस्ट कर रहा है । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चिकित्सालय मैं मरीजों को दवा लिखने से लेकर पूरी व्यवस्था फार्मासिस्ट के द्वारा चल रहा है जिससे वह आए दिन मरीजों को धमकाते हुए देखा जा सकता है। साथ ही ज्यादातर मरीजों की पर्ची पर अस्पताल से बाहर दवा लेने के लिए प्रेरित एवं बाध्य किया जा रहा है। ज्यादातर मरीज ने यह भी बताया यहां पर दवा अस्पताल से देने के लिए प्रत्येक लोगों से 10 ?20 सीसी के नाम पर भी अवैध वसूली की जा रही है। लोगों ने बताया कि उक्त अस्पताल




का फार्मासिस्ट काम कम लोगों से बहस करते हुए ज्यादा देखा जा सकता है। और विश्वस्थ सूत्रों द्वारा यह भी पता चला है कि अस्पताल की दवाएं मरीज को कम देकर बाजार में बेच दी जा रही है अथवा प्राइवेट प्रैक्टिस में प्रयोग की जा रही हैं। यहां आने वाले मरीजों द्वारा उक्त चिकित्सालय में स्थाई रूप से नियमित डॉक्टर की नियुक्ति करने एवं यहां के फार्मासिस्ट द्वारा मरीज के साथ अमानवीय व्यवहार तथा दवा के नाम पर की जा रही अवैध धन उगाही एवं व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करने की भी मांग की है ।

# समपार फाटक के पास झाड़ियों में लगी आग

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज रेलवे समपार फाटक के पास झाड़ियों में लगी आग रेलवे गेट 13/सी में झाड़ियों में गुरुवार को दोपहर में आग लग गई। लेकिन इस घटना से आग के प्रति स्टेशन प्रशासन कितना सजग है। इसकी भी पोल खुल गई। समपार फाटक में झाड़ियों में दोपहर 2 बजे अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में धुंआ लपटें देख गेटमैन 13/सी के गेटमैन ने मौके पर पहुंच कर



स्टेशन प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों ने इस आग को गंभीरता से नहीं लिया। 100 मीटर क्षेत्र में लगी आग से झाड़ियां पूरी तरह जल गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। आग लगने की सूचना सभी विभागों में पहुंचने के बाद प्रमुख विभागों के जिम्मेदार अधिकारी नही मौके पर पहुंचे रेलवे गेटमैन के द्वारा मौके पर आग बुझाया गया। रेलवे गेट 13/सी के पास झाड़ियों में आग किन कारणों से लगी इसकी जांच पीडब्लूएल आनंद नगर के द्वारा बताया गया जांच कराया जा रहा।

# अपर आयुक्त ने कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न पटलों का मुआयना किया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा के निर्देश पर अपर आयुक्त कुंवर बहादुर सिंह ने पुराने कलेक्ट्रेट में चल रहे कोर्ट और पर्यटन विभाग में चल रहे समस्त संभाग के पटलो का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर वहाँ स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त ने कहा कि विभिन्न पटलों के अंतर्गत सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे। इस मौके पर उन्होंने न्याय सहायक कक्ष, बिल लिपिक कक्ष, नजारत कक्ष, अभिलेखागार, सीलिंग अनुभाग, स्थानीय निकाय पटल, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, सीआरए कक्ष, दैवीय



आपदा अनुभाग, भूलेख ,सम्मिलित कार्यालय, नजूल कक्ष, एनआईसी, साँख्यकी अनुभाग, राजस्व लेखाकार कक्ष सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों / व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावलियों /सेवा पुस्तिका आदि का भी अवलोकन किया गया जोकि पूर्ण पाई गई। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि वरासत के कोई भी प्रकरण पेंडिंग ना रहे हर शस्त्र के यूएनआई कोड मौजूद रहने चाहिए। अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में पूछताछ की। तदोपरांत अपर आयुक्त ने पर्यटन विभाग में चल रहे कलेक्ट्रेट परिसर की साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की रिकॉर्ड रूम की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात अपर आयुक्त ने राजस्व कार्यो के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से जारी होने वाली राजस्व विभाग की सेवाओं की स्थिति, आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, विभिन्न आयोगों यथा महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, न्यायालय आदि के प्रकारणों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयोगों के प्रकरणों में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी ना रहे, इनका प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने डीएम एडीएम वित्त मुख्य राजस्व अधिकारी एडीएम सिटी सिटी मजिस्ट्रेट एडीएम प्रशासन कोर्ट आदि के वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की तथा कहा कि चल रहे मुकदमा के हर फाइलों पर बार कोड अवश्य पढ़ाना चाहिए बिना बारकोड का किसी भी मुकदमे में निस्तारण नहीं होने चाहिए सभी कोर्ट की पुराने तीन फाइलों का विधिवत निरीक्षण किया विभिन्न भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कोई भी वाद 5 वर्ष से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए, इनको चिन्हित कर तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि भूखंडों के पैमाइश संबंधी वादों को पैमाइश कराकर निस्तारण किया जाय। पैमाइश के दौरान सभी पक्षकारों को अनिवार्यतः इसकी सूचना रहे। राजस्व कार्यों के अंतर्गत जनपद के सभी क्षेत्रों में कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अपर आयुक्त ने जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं अधिकारियों के निष्ठा पूर्वक कार्यशैली की सराहना की तथा इसको विजिटिंग रजिस्टर में अंकित भी किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता विनीत कुमार सिंह एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे अपर आयुक्त प्रशासन स्टोनो रिजवान अहमद सहित प्रशासनिक अधिकारी, नाजिर, विभिन्न पटलों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सैंथवार-मल्ल भागीदारी संकल्प महारैली 11 फरवरी को

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सैंथवार-मल्ल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार ने प्रेस वार्ता कर कहा कि सैंथवार मल्ल समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए संकल्प महारैली का आयोजन 11 फरवरी 2024 को चम्पा देवी पार्क में जी आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि सैथवार मल्ल समाज के लोग सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहें है। सभी लोगों के सहयोग से संगठन ने निर्णय लिया है समाज के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा और गरीब बच्चियों की विवाह कराने में मदददगार होगा साथ ही राजनीतिक हिस्सेदारी के लिये समाज को अपने हक के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सैंथवार-मल्ल समाज सभी दलों के साथ रहता है जी लेकिन खुद को समाज हासिये पर है। यही वजह है कि समाज अपने पैरो पर खड़ा हो रहा है और गांव से लेकर



ब्लॉक स्तर पर जागरूकता फैलाकर संगठन तैयार कर रहा है। यह संगठन समाज के दबे कुचले लोगों के साथ समय-समय पर खड़ा रहेगा और उनकी मदद के लिए हर सम्भव प्रयास करेगा। यह संगठन ग्रामीण से लेकर शहरी इलाके में तेजी से फैल रहा है समाज किसी दल का अधीन नहीं है जो दल समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक स्तर पर सम्मान देगा समाज उसके खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार ने समाज के लोगों से अपील किया है कि समाज को नई उच्चाईयों पर ले जाने और अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने के लिए सैंथवार-मल्ल महासभा के तत्वाधान में चम्पा देवी पार्क में 11 फरवरी 2024 को समये 11 बजे महारैली में पहुंचने की अपील की है। उन्होने कहा कि संकल्प महारैली सैंथवार मल्ल समाज द्वारा पहली बार एतिहासिक होने जा रही है। रैली के माध्यम से समाज को एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की जा रही है।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में पीड़ितों की समस्याओं को सुना जनता दर्शन कार्यक्रम में लगभग तीन दर्जन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए जहां जिला अधिकारी सी इंदुमती ने दूर दराज से आए हुए सभी फरियादियों की समस्याओं का निवारण करते हुए पूर्ण आश्वासन दिया प्रस्तुत किए गए सभी लिखित प्रार्थना पत्रों में संबंधित अधिकारियों के लिए निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल गुणवत्तापूर्ण पारदर्शिता के साथ समय रहते समस्या का निस्तारण करने का आदेश दिया जिलाधिकारी के सहज स्वभाव को देख आए हुए फरियादियों ने जनपद की जिलाधिकारी की सराहना की

# फतेहपुर की सपा ब्लॉक प्रमुख ने थामा भाजपा का हाथ

### ब्लॉक प्रमुख समेत प्रदेश कार्यालय पहुंचे आधा सैकड़ा लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। वर्तमान सरकार की प्रगति को देख निरंतर अन्य दलों के सदस्य टूटकर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन कर रहे हैं कल जनपद की धाता ब्लॉक प्रमुख प्रदीपिका सिंह ने समाजवादी पार्टी का तिरस्कार कर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की कार्यालय में मौजूद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष अमरपाल मौर्य की उपस्थिति में धाता ब्लॉक प्रमुख समेत आधा सैकड़ा लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता समारोह में मौजूद कैबिनेट मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति राकेश सचान फतेहपुर जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल तथा खागा विधायिका कृष्णा पासवान ने नव आगंतुक सदस्यों का तहे दिल से स्वागत किया मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक प्रमुख प्रदीपिका सिंह की राजनीति समाजवादी पार्टी से प्रारंभ हुई थी जहां पूर्व में इन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार में निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख रहकर आम जनमानस की सेवा की वहीं पूर्व में बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकार में भी समाजवादी पार्टी की इकलौती ब्लॉक प्रमुख ने विजय हासिल की थी प्रदीपिका सिंह के साथ-साथ उनके पति भी धाता ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं ब्लॉक प्रमुख समर्थकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को यह सूचना मिलते ही लोगों में उत्साह छा गया वही समर्थकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए ब्लॉक प्रमुख समेत आधा सैकड़ा लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा एक दूसरे को मुंह मीठा कराया ।

# सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही खामियाजा भुगत रहे किसान

### किसानों की फसल पहुंची सूखने की कगार पर

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर /ललितपुर की गोविंद सागर बांध की बड़ी नहर पर तैनात कर्मचारीयों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है बड़ी नहर का पानी कम मात्रा में चलने व बीच के माइनरों को नियमानुसार नहीं चलाने के कारण नीचे टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिसके चलते नीचे के तीन-चार गांवों की फसलें सुखने की कगार पर पहुंचने लगी है जिससे ग्राम वस्त्रावन, ठाठखेरा,टूडासर ,व टोड़ी के किसान परेशान दिखाई देने लगे है अनेक किसानों की फसले सूखने की कगार पर पहुंच गई है अगर समय रहते हुए प्रशासन नहीं चेता



और नहर का संचालन व्यवस्थित तरीके से नहीं हुआ और नहर का पानी नीचे टेल तक नहीं पहुंचाया गया तो फसल सूखने के कारण यहां के किसान कर्ज में फंसकर रह जाएंगे क्योंकि अधिकांश किसान खाद व बीज को या तो साहूकारों से या सोसाइटियों से उधर उठते हैं यहां के किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है की नहर को सुचारू रूप से व व्यवस्थित करते हुए टेल तक पानी पहुंचने की व्यवस्था की जाए जिससे किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सके।

# मैजिक तथा ट्रैक्टर की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक घायल



अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी


बिंदकी, फतेहपुरे जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवाड़ी गांव के समीप मुख्य हाईवे पर एक मैजिक तथा ट्रैक्टर में भीषण भिड़ंत हो गई उलटी दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने मैजिक को टक्कर मारी जहां मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई गाड़ी में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए जहां सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस प्रशासन ने आम जनमानस की मदद से बाहर निकाल घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज उपचार हेतु भेजा अस्पताल पहुंचे घायल 75 वर्षीय सुखराना पत्नी गजराज 35 वर्षीय विनीता पत्नी रमाकांत 50 वर्षीय शांती पत्नी रामशंकर पाल 65 वर्षीय राम कुमारी पत्नी सरजू पाल 6 वर्षीय कौशिक पुत्र बृजेश उर्फ पप्पू 35 वर्षीय गुड्डन पत्नी बृजेश निवासी गण गाँव गूंझी तथा 40 वर्षीय रामशंकर पुत्र हरपाल निवासी कोरसम का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किया गया वहीं महिला गुड्डन की हालत ज्यादा गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया

# विद्यालय वार्षिकोत्सव में बच्चे हुए पुरस्कृत

### अभिवावक बैठक में उपस्थित रहे अधिकारी विशिष्ट अतिथि व सदस्य

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के मार्गदर्शन में शिक्षण संस्थानों में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद की बिंदकी तहसील अंतर्गत अमौली विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय तारापुर में भव्य वार्षिकोत्सव तथा अभिभावक बैठक संपन्न हुई कार्यक्रम के प्रारंभ में पहुंचे ग्राम प्रधान सनोज कुमार समेत विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत राष्ट्रीय गीत आदि प्रस्तुत कर आम जनमानस को भाव विभोर कर दिया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला के नेतृत्व में बच्चों की कला प्रतियोगिता सुलेख प्रतियोगिता तथा दौड़ खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराई



गई वही बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों की भी कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता विद्यालय में संपन्न हुई कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान सनोज कुमार विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम ने विजेता अभिभावक तथा छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस मौके पर सीएमसी अध्यक्ष उमाकांत उपाध्यक्ष कुंती देवी समेत सभी बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे

### काजीखेड़ा विद्यालय में वितरित हुआ निपुण परीक्षा परिणाम

तहसील अंतर्गत खजुहा विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय काजीखेड़ा में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वही प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह की अगुवाई में विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड विकास अधिकारी रत्नागिरी त्रिपाठी तथा खंड शिक्षा अधिकारी पवन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए अतिथि गणों का मन मोह लिया सरस्वती वंदना स्वागत गीत सुनकर संपूर्ण आम जनमानस गदगद को उठा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को निपुण परीक्षा परिणाम वितरित किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान रूपरानी विद्यालय की सहायक अध्यापिका सीमा मिश्रा अनुप्रिया यादव स्नेहा द्विवेदी दिलीप सिंह शिवकुमार वर्मा सुषमा देवी समेत सभी बच्चों के अभिभावक एवं नागरिक मौजूद रहे विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह अध्यापिका अनुप्रिया यादव समेत सभी शिक्षकों ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया

खास समाचार

# दो बाइको में टक्कर मारने वाली कार व चालक पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।मोहनलालगंज के कनकहा गांव निवासी शिवम मिश्रा ने बीते मगंलवार की दोपहर वो फुलवरिया मोड़ के पास स्थित साई अस्पताल के पास हाइवे किनारे अपनी बजाज पल्सर बाइक व आशीष कुमार अपनी पैशन प्रो बाइक खड़ी कर होटल में चाय पी रहे थे ।तभी रायबरेली की तरफ से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार टाटा टियागो कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे लगे ईट के चट्टे में टकराने के बाद दोनो बाइको में टक्कर मारते हुये पलट गयी ।बाइक मालिक शिवम ने बताया कार चला रहा चालक शराब के नशे में धुत था ।दुर्घटना में दोनो बाइके काफी क्षतिग्रस्त हो गयी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया क्षतिग्रस्त बाइको के मालिको की तरफ से दी गयी तहरीर पर कार व चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है ।दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# मौसम ने बिगाड़ा, फसलों का हाल बढ़ा रहा पाले का प्रकोप

अमन लेखनी समाचार /शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूप निकलने के बाद फसलों में पाले का असर दिखाई दे रहा है। जिससे फसल सूख रही है। ऐसे में फसल का उत्पादन प्रभावित होने से किसान परेशान हैं। बीते दिनों भीषण ठंड के चलते फसल में पाले का असर हुआ है। पाले के कारण फसल धूप निकलने पर सूखती दिखाई दे रही है। पाले के कारण पेड़ की पत्तियां भी काली पड़ रही है। तथा सूख कर गिर गई है। कुतुबपुर खोड़ निवासी किसान रामबाबू यादव ने बताया कि अधिक ठंड के चलते फसलों में पाले की शिकायत धूप निकलने के बाद दिखाई दे रही है। पाले से प्रभावित फसल पीली पड़कर सूख रही है। ऐसे में फसल उत्पादन में गिरावट आएगी। वही तेज हवा चलने से भी फसल प्रभावित होगी ।फसलों में नुकसान हुआ है। इस से किसान चिंतित नजर आ रहा है।

# बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा कुरारा के मनकी तिराहा में पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार युवक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनो घायल युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीलेकर गए ।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। आज शाम साढ़े तीन बजे भरुआ थाना क्षेत्र के कुंडौरा गांव निवासी दिनेश 23 वर्ष पुत्र कल्लू कस्बे के मनकी तिराहा से पैदल आ रहा था। तभी जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के खुटमिली गांव निवासी बाइक सवार अखिलेश पुत्र रतन ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया ।वहां मौजूद लोगो ने थाने में फोन किया ।तब पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए सी एस सी भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। स्थानीय विकास खंड सभा गार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने की। विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी ने बैठक की कार्यवाही शुरू की। क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने अपने गांव की समस्या रखी। वही पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, ग्राम पंचायत विकास, विद्युत विभाग, सरकारी राशन वितरण विभाग, आदि विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, सचिव आदि मौजूद रहे।

# ईओ जी लाल ने वार्डो में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**कार्य में लापरवाही मिलने पर कई कर्मचारियों का काटा वेतन, दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी का सेवा समाप्त करने का भी निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर - ईओ जी लाल ने गुरुवार की सुबह मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ के साथ नगर के कई वार्डो में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया ईओ ने कुल छः वार्डो भटवा की पोखरी चौबे टोला अनगढ़ शुक्लहा महुवरिया एवं रमईपट्टी वार्ड का स्थलीय निरीक्षण किया छः वार्डो के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर वेतन काटने और दो कर्मचारी को कार्यमुक्त करने के लिए सेवा प्रदाता को आदेश जारी किया है बता दे एक दिन पूर्व कमिश्नर द्वारा ईओ को नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वार्डो का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया था इस मौके पर ईओ जी लाल ने कहा की कमिश्नर के निर्देश पर नगर के कई वार्डो में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया है कई वार्डो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है ।जिन वार्डो में सफाई को लेकर लापरवाही बरती गई है उन वार्ड के सफाई नायकों को समय से कूड़े उठान डोर टू डोर कलेक्शन सफाई कर्मियों को दी गई वर्दी पहनकर ही कार्य करने का निर्देश दिया गया है महुवरिया वार्ड में ट्यूबवेल का भी निरीक्षण कर ऑपरेटर से संचालन रख रखाव आदि के बारे में जानकारी ली गई है सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए है अनगढ़ और महुवरिया वार्ड में एक-एक आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी बिना सूचना के कई दिनों अनुपस्थित चल रही थी उसकी सेवा समाप्त करने का भी आदेश सबंधित सेवा प्रदाता को दे दिया गया है।

# अवैध देशी तमंचा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 08.02.2024 समय 10.50 बजे अमवार मोड़ के पास से 01 नफर अभियुक्त महेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 सुरत सिंह, निवासी कस्बा दुद्धी वार्ड नं0.105, थाना दुद्धी ,जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष को अवैध देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त महेन्द्र कुमार सिंह थाना स्थानीय का हिस्ट्रीशीटर है जो लगभग दो वर्षों से लापता चल रहा था। अभियुक्त महेन्द्र कुमार सिंह उपरोक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी । इस सम्बन्ध में थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र में मु0अ0सं0-28/2024 अन्तर्गत धारा 3/25 अ१२ अ३ का अभियोग पंजीकृत कराया गया ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा किया गया क्षेत्र का भ्रमण



अमन लेखनी समाचार/ शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया ।तथा हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा, सरंक्षा व सशक्तिकरण के लिए प्रशासन द्वारा क्रियान्वित विशिष्ठ योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर 1090,1076 ,0181,1098, व आपात काल स्थित में डायल 112 व साइबर क्राइम से बचाव हेतु हेल्प लाइन नंबर 1930 से अवगत कराते हुए महिलाओं व बालिकाओं को जानकारी दी गई। प्रशासन द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान के प्रत्येक नारी को मानसिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा व खतरे से मुक्त माहौल प्रदान करना है ।जिससे प्रत्येक नारी अपने आपको सुरक्षित व स्वतंत्र महसूस कर सके। एंटी रोमियो टीम के हे ड कांस्टेबल अनुरुद्ध नारायण, का शौरभ सिंह, महिला कांस्टेबल खुशबू गौतम ने कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए जानकारी दी।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न

सोनभद्र - गुरुवार को थाना कोन में प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई जहां थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ,ग्राम प्रधान, व्यापार मंडल के पदाधिकारी व धर्मगुरुओं की मीटिंग कर वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद व बागपत का लाकशा गृह पर आये माननीय न्यायालय के फैसलों के संबंध में उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों निदेर्शों से उपस्थित समस्त लोगों को अवगत कराते हुए प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा भड़काऊ भाषण प्रचार या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं डालेगा आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में समय-समय पर प्राप्त हो रहे निदेर्शों से समस्त जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण माहौल में आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाने हेतु सहयोग प्रदान करने की अपील की गई मुस्लिम धर्म गुरुओं को कल होने वाली शुक्रवार की नमाज के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**जब महिला समृद्ध होती है तो दुनिया समृद्ध होती है।**

**बेटियों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना ही मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य है।**


अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ह्यह्यमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत आज दिनांक 08.02.2024 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी ।साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके ।

# उत्तर प्रदेश में आइजीआरएस रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली( जनसुनवाई ) की माह जनवरी में आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यों के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद के 14 में से 12 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आईजीआरएस सेल में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर सुनैना, कांस्टेबल संजीव व कांस्टेबल अंकित पाण्डेय शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई ।पुलिस अधीक्षक ड्रा0 दीक्षा शर्मा के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किल वार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस टीम व राजस्व टीम के संयुक्त प्रयास से भूमि सम्बन्धी विवादों को समय पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करवाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साह वर्धन किया गया।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त को 1.250 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में मादक पदार्थ की हो रही बिक्री पर प्रभावी रोकथाम लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.02.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा रात्रिगस्त के दौरान उरमौरा सड़क मार्ग से एक नफर अभियुक्त सोनू पासवान पुत्र पप्पू पासवान, निवासी कुशहा नई बाजार, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष को 1.250 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 100/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# गाजीपुर जिले में 40 लाख 18 हजार वृक्षारोपण करने का लक्ष्य वर्ष 2024 के लिए निर्धारित किया

अमन लेखनी समाचार




गाजीपुर जिले में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा व जिला पर्यावरण समिति की बैठक पंडित दीनदयाल सभागार, विकास भवन में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने मियांवाकी पद्धति द्वारावृक्षारोपण कराए जाने पर बल दिया। जनपद गाजीपुर में वर्ष 2024 में निर्धारित किया गया वृक्षारोपण हेतु शासन द्वारा कुल 4लाख18हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य को पूर्ण समयाअवधि में करा लिया जाय। संबंधित विभागों को उनके लक्ष्य के बारे में बताया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल का चयन कर शीघ्र उपलब्ध करा दे। प्रभगीय निदेशक विवेक यादव ने कहा ।कि जनपद गाजीपुर के विभिन्न विकासखंड में वन विभाग द्वारा स्थापित पौधशालाओं में लगभग कुल 60 लाख पौधा जिसमें फलदार, औषधि, इमरती आदि पौधे तैयार किया जा रहा हैं। इस बैठक में संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गंगा समिति की समीक्षा के उपरान्त बताया गया कि शहरो का गंदा पानी व कचड़ा सीधे गंगा में जाता है जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका परिषद सदर को निर्देशित किया कि गंगा नदी का पानी जो नाले के माध्यम से जा रहे है सभी नालो पर जाली लगाने का निर्देश किया । सभी अधिकारियों को अपने कार्य को समयनुसार सही तरीके से पुरा करना सुनिश्चित किया जाना है।

# झांसी में जल्द होगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन- अभिनंदन जैन

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झांसी। पत्रकारों को मयार्दा व अनुशासन का पालन करते हुए निर्भीकता से तथ्यात्मक समाचार लिखना चाहिए ताकि मीडिया का जो उद्देश्य है उसका सही दिशा में संदेश जाए और हर जगह दबे कुचले लोगों को इसका लाभ मिल सके वर्तमान में पत्रकारिता चुनौती भरा काम है इसके लिए शासन को लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों को उनकी सुरक्षा से लेकर उनकी विषम आर्थिक स्थिति देखते हुए शासन से मानदेय और पेंशन निर्धारित करना चाहिए यह विचार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अभिनंदन जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग धर्मशाला गरौठा में पत्रकारों की एक कार्यशाला में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने संगठन के विस्तार के अलावा भव्य स्तर पर 200 पेज की पत्रिका प्रकाशन होने के लिए गहरा मंथन किया और जल्द भव्य स्तर का ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का पत्रकार सम्मेलन झांसी में आयोजित किए जाने के लिए रणनीति तैयार हुई, जिसमें प्रदेश और केंद्र सरकार प्रतिनिधि के रूप में केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ वरिष्ठ पत्रकार और हर क्षेत्र के जानकार लोगों को बुलाने के लिए कार्य योजना बनाई गई है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक कुंवर रामकुमार सिंह, बालादीन राठौर, राकेश सैन, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र बुंदेला ने भी अपने विचार व्यक्त किएं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप शर्मा, अखिलेश तिवारी सुट्टा, कमलकांत शर्मा लखावती, राजीव परमार, हेमंत यादव, संदीप श्रीवास्तव, आशुतोष गोस्वामी, सार्थक नायक, कौशल किशोर, शौकीन खान, वेद प्रकाश द्विवेदी, सोम मिश्रा, दीपक जैन नुसार, कल्लू वर्मा, निर्दोष राजपूत, मानवेंद्र यादव कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र यादव वीरू ने किया अंत में आभार व्यक्त कौशल किशोर ने किया।

**नियम विरुद्ध 12 घंटे कराया जा रहा मजदूरों से काम, न्यूनतम मजदूरी का भी नहीं हो रहा भुगतान**

# ओबरा सी में हो रही आधुनिक गुलामी : वर्कर्स फ्रंट

**ठेका मजदूर यूनियन के सम्मेलन में उठेगी आवाज।**

अमन लेखनी समाचार



ओबरा, सोनभद्र। निमार्णाधीन ओबरा सी परियोजना में मजदूरों से आधुनिक गुलामी कराई जा रही है। तमाम कंस्ट्रक्शन कंपनियों में मजदूरों से गैर कानूनी ढंग से 12 घंटे काम कराया जा रहा है और न्यूनतम मजदूरी का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। हालत इतनी बुरी है कि कई-कई महीना मजदूरों की मजदूरी बकाया है। यह मजदूरों की जीवन सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। इस सवाल पर ठेका मजदूर यूनियन के 18 फरवरी को पिपरी में आयोजित सम्मेलन में रणनीति बनाई जाएगी। यह बातें आज ओबरा में मजदूरों से संवाद करते हुए यू. पी. वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व श्रम बंधु दिनकर कपूर ने कहीं।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा काम के घंटे 12 करने की कोशिश की गई थी। जिसे हाईकोर्ट में हमारे हस्तक्षेप के बाद सरकार को वापस लेना पड़ा था। मोदी सरकार संसद से पारित किए गए लेबर कोड के जरिए काम के घंटे 12 करने की कोशिश कर रही है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे विरोध के कारण अभी लागू नहीं कर पाई है। इसके लागू न होने के बावजूद ओबरा सी में तमाम कंपनियों में 12 घंटे काम कराया जा रहा है। कुशल मजदूरों तक को 350 रूपए मजदूरी देकर काम कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के कारण मजदूर महज 6 से 7 घंटा ही सो पा रहे हैं जिससे उनके जीवन का भीषण नुकसान हो रहा है। यह और कुछ नहीं रोजगार संकट के इस दौर में मजदूरों की मजबूरी का फायदा उठाकर कराई जा रही आधुनिक गुलामी है। इसके खिलाफ श्रम विभाग को पत्र भेजा जाएगा और जांच कराने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी का वेज रिवीजन ना होने के कारण मजदूरी बेहद कम है और इस महंगाई में मजदूरों के लिए अपना जीवन यापन करना कठिन होता जा रहा है। कल विधान परिषद में श्रम मंत्री ने भी स्वीकार किया कि शीघ्र ही प्रदेश में वेज बोर्ड का गठन किया जाएगा। यह आंदोलन की जीत है। अब सरकार को प्रदेश में 26000 रूपए मासिक न्यूनतम वेतन करना चाहिए। संवाद में यूनियन के जिला संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद, उपाध्यक्ष तीरथराज यादव, राजेश वाल्मिकी, मनोज कुमार गुप्ता, मनोज यादव, वीरेंद्र सेठ, उग्रसेन शर्मा, इबरान, करण बरुंल आदि मजदूरों ने अपनी बात रखी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी अवॉर्ड्स में 3 पुरस्कार जीतने के बाद गिरफ्तार हुए किलर माइक



रैपर और एक्टिविस्ट किलर माइक ने रविवार को संगीत उद्योग के तीन सबसे बड़े पुरस्कारों पर कब्जा किया। उन्होंने तीन ग्रैमी अवॉर्ड्स जीते, जिसमें बीस वर्षों में उनका पहला पुरस्कार भी शामिल था। अवॉर्ड्स जीतने के बाद रविवार रात को रैपर किलर माइक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार इस खबर की पुष्टि उनके प्रवक्ता ने की है। लगातार तीन ग्रैमी जीतने के बाद रैपर किलर माइक को क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में लॉस एंजिल्स पुलिस द्वारा हथकड़ी लगाकर ले जाया गया। लॉस एंजिल्स पुलिस ने इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया। हालांकि, पुलिस ने एक पुरुष को हिरासत में लेने की पुष्टि की, लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी। किलर माइक के प्रतिनिधि ने अभी तक टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, किलर माइक को एक दुष्कर्म के मामले में हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि पुलिस किलर माइक को लॉस एंजिल्स में क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना से ले जा रही है और उनके हाथ उसकी पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। इससे पहले रविवार को रैपर ने सर्वश्रेष्ठ रैप प्रदर्शन, रैप गीत और रैप एल्बम के लिए पुरस्कार जीते। उनकी पहली जीत 'साइंटिस्ट्स एंड इंजीनियर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ रैप प्रदर्शन के लिए थी। जिसने सर्वश्रेष्ठ रैप गीत भी जीता और उनका सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम 'माइकल' था। माइक की आखिरी ग्रैमी 2003 में 'द होल वर्ल्ड' के लिए थी।

### टॉलीवुड

## 'लाल सलाम' का ट्रेलर रिलीज कपिल देव के कैमियो के साथ



सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या के निर्देशन में बनी फिल्म 'लाल सलाम' की रिलीज को कुछ दिन ही शेष बचे हैं। ये फिल्म अगले महीने दस्तक देगी। हाल ही में, मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस फिल्म में विक्रांत और विष्णु लीड रोल में हैं। रजनीकांत भी अपनी बेटी की फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगे। ट्रेलर तमिल भाषा में जारी किया गया था जो कि क्रिकेट ड्रामा के साथ धर्म, राजनीति और सत्ता जैसे विषयों के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म में मुख्य कलाकार विक्रांत और विष्णु विशाल क्रिकेटर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव की भी झलक देखने को मिलती है। ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित, यह फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और ए सुबास्करन द्वारा प्रस्तुत की गई है। फिल्म में रजनीकांत मोइदीन भाई के किरदार में नजर आएंगे और पहले पोस्टर के मुताबिक यह फिल्म क्रिकेट और दोस्ती के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने तैयार किया है। यह तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण पिछले साल मार्च में शुरू हुआ था और शूटिंग मुंबई, चेन्नई और पुडुचेरी में हुई थी। पिछले साल सेट से रजनीकांत और कपिल देव की एक तस्वीर भी ऑनलाइन सामने आई थी और अपने पोस्ट में अभिनेता ने कहा था कि महान क्रिकेटर के साथ काम करना उनका सौभाग्य है। यह फिल्म ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित है और 9 फरवरी, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा पहले पोंगल के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फैंस को भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़िया माटी की खुशबू से सराबोर होगी चकोर की 'बेटा'



चकोर फिल्मस द्वारा निर्मित और चंद्रशेखर चकोर द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म 'बेटा' इन दिनों अपने निर्माण के अंतिम चरण में है। चंद्रशेखर चकोर ने बताया कि तमाम तैयारियों के बाद 5 जुलाई से छत्तीसगढ़ के सभी सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। उन्होंने बताया कि 'बेटा' पूर्णतः पारिवारिक फिल्म है जिसका छायांकन पवन रेड्डी और संपादन नारायण सिंह वर्मा ने किया है और छायांकन पवन रेड्डी ने किया है। बेटा फिल्म के लेखक, निर्माता और निर्देशक चंद्रशेखर चकोर हैं। इस फिल्म में स्वयं चकोर भी हैं, वहीं उनके साथ लेखाश्री, पुमंगराज, हेमा शुक्ला, शालिनी विश्वकर्मा, शिव आनंद, घनश्याम वर्मा, गजेंद्र साहू, मिथिलेश निषाद, सुदामा शर्मा, सरला सेन और बलराज पाठक ने भी अभिनय किया है। चंद्रशेखर चकोर ने इसके पहले गुरांवट,चक्कर गुरु जी के, नाग अर्जुन और धरती पुत्र में मुख्य भूमिका कर चुके हैं। वहीं चक्कर गुरुजी के फिल्म के निर्माता व निर्देशक भी रहे हैं। चकोर का कहना है कि छत्तीसगढ़ की लोक, संस्कृति और परंपरा के आधार पर ही वह फिल्म बनाते रहे हैं और अपनी हर फिल्म में छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू बिखेरने का प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म भी एक पारिवारिक संदेश देती हुई पारंपरिक फिल्म साबित होगी। फिल्म के वितरक अलक राय ने बताया कि फिलहाल पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य चल रहा है।

## नदी किनारे हसीनों का मेला


लाइफ स्टाइल



हडसन नदी के किनारे बसे न्यूयार्क शहर में फैशन की गतिविधियां होना आम बात है। फरवरी महीना न्यूयार्क फैशन वीक का रहता है और यहां दुनिया भर के मॉडल्स व डिजाइनर का जमावड़ा हर साल होता है। इस बार 9 फरवरी से 14 फरवरी तक फैशन वीक होना है। जिसकी तैयारियां अंतिम स्तर पर है। मॉडल्स भी रैम्प पर चलने बेकरार है।

## कैसे कम होगी दोमुंहे बालों की समस्या ? जानें घरेलू नुस्खे

बालों को दोमुंहे होने से बचाने के लिए आप भी एक्सपर्ट द्वारा बताई गईं इन घरेलू टिप्स को ट्राई करके देख सकती हैं। त्वचा की तरह बालों में भी विभिन्न समस्याएं होती है। किसी के बाल रूखे होते हैं, तो किसी के ऑयली। किसी को बालों में वॉल्यूम कम होने की शिकायत होती है, तो किसी को पतले बालों की टेंशन होती है। इन सबके अलावा बालों के दोमुंहे होने की समस्या भी बेहद आम है। यदि आप बालों की ठीक से केयर नहीं कर रही हैं और बालों तक उचित पोषण नहीं पहुंच रहा है तो बालों का दोमुंहा होना तय है।



### क्या होते हैं दोमुंहे बाल?

बालों की लेंथ के अंत में या उससे कुछ ऊपर, जब एक ही बाल के दो मुंह दिखने लगे, तो इस स्थिति को दोमुंहे बाल कहा जाता है। यह समस्या बालों के लुक को ही खराब नहीं करती है, बल्कि बालों कमजोर बनाती है और कई बार बाल बीच से टूटना शुरू हो जाते हैं। यह स्थिति बालों को बहुत ज्यादा भद्दा दिखाती है।

### क्यों हो जाते हैं बाल दोमुंहे? :

बालों के दोमुंहे होने के कई कारण होते हैं। यदि आपके बाल बहुत अधिक ड्राई हैं, तो दोमुंहे बालों के होने की संभावना बढ़ जाती है। बालों में आप यदि बहुत अधिक केमिकल ट्रीटमेंट कराती हैं या फिर हीट इक्युपमेंट का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको दोमुंहे बालों की दिक्कत हो सकती है। बालों में आप यदि सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल नहीं करती हैं, तो इससे भी आपको दोमुंहे बालों की दिक्कत हो सकती हैं।

### दोमुंहे बालों के लिए घरेलू उपाय

सप्ताह में कम से कम आपको 2 बार बालों में नारियल का तेल लगाना चाहिए। इससे आपके बालों में मॉइश्चर भी रहता है और बालों में प्रोटीन की भी उचित मात्रा पहुंच जाती है। बेस्ट है कि आप रात में सोने से पहले बालों में नारियल का तेल लगा लें। इसके बाद आप सुबह बालों को शैंपू से वॉश कर दें। बालें में बादाम का तेल लगाने से भी आपको बहुत फायदे मिलेंगे। इसमें विटामिन-ई प्रचुर मात्रा में होता है, यह बालों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। आप इसे बालों में डायरेक्ट भी लगा सकती हैं और चाहें तो ऑलिव या कोकोनट ऑयल में मिक्स करके भी इसे लगा सकती हैं। बालों की 15 दिन में एक बार दूध से कंडीशनिंग जरूर करें। दूध प्रोटीन का सबसे अच्छा सोर्स माना गया है और इसमें जो फैटी एसिड होते हैं, वह भी बालों को बहुत फायदा पहुंचाते हैं। आप बालों में देसी घी भी लगा सकती हैं। इससे भी बालों की ड्राईनेस दूर होती है। बाल यदि ड्राई नहीं होंगे तो उनके दोमुंहे होने की संभावना भी कम होगी। शहद लगाने से भी आपको दोमुंहे बालों की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। यह बहुत ही अच्छा प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, आप इसे स्कैल्प और बालों दोनों पर लगा सकती हैं। बालों में केला और दही का मास्क लगाने से भी बालों का रूखापन दूर हो जाएगा। बस इस मास्क को रिमूव करते वक्त सावधान रहें क्योंकि केला बालों में चिपकता है और आसानी से रिमूव नहीं होता है। आप बालों में पपीते का पेस्ट भी लगा सकती हैं।

## वेस्टर्न ड्रेस के साथ ये चूड़ी डिजाइन पहनने के बाद हाथ लगेंगे खूबसूरत

फैशन



अगर आपको हाथ खाली-खाली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए आप वेस्टर्न वियर के साथ आप आर्टिकल में बताए गए चूड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट्स को स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसके साथ हम कई तरह के अलग-अलग डिजाइन के कपड़े और एक्सेसरीज को स्टाइल करते हैं, ताकि आउटफिट भी अच्छा लगे और हमारा लुक भी सबसे अलग नजर आए। लेकिन हाथों में हम सिर्फ घड़ी ही पहनते हैं। इस बार घड़ी को हटाकर हाथों में आर्टिकल में बताई गई चूड़ियों को ट्राई करें। इससे आपके हाथों की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे।

### हैंडकफ बैंगल्स



आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ हैंड कफ बैंगल्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की बैंगल्स दिखने में काफी स्टाइलिश लगती हैं लेकिन पहनने के बाद लुक को एलीगेंट बना देती हैं। इसमें एक के साथ साड़ी चूड़ियां जुड़ी हुई होती हैं। जिसे आप जाल भी कह सकते हैं। इसे आप कड़े की तरह हाथों में डाल सकती हैं और हाथों में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की चूड़ियां आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में मिल जाएगी।

### गोल्डन बैंगलस सेट



गोल्डन चूड़ियों को भी आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां गाउन, वन पीस ड्रेस यहां (ऑक्सीडाइज्ड बैंगलस) तक की जींस और टॉप के साथ अच्छी लगती हैं। इसमें आप चाहे तो सिल्वर कलर के चूड़ी के ऑप्शन को भी ट्राई कर सकती हैं, इसमें जो चूड़ियां मिलती हैं वो मेटल में आती हैं इसलिए ये ज्यादा लंबे समय तक चलती हैं। मार्केट से ये आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### कोड़ी वाली चूड़ियां

अगर आप कुछ बोहो स्टाइल की वेस्टर्न ड्रेस वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप कोड़ी बैंगल्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के डिजाइन (कड़ा डिजाइन) की चूड़ियां आजकल काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको मल्टीकलर कोड़ी और व्हाइट हर तरह की कोड़ी मिल जाएगी।

## फ्रंट नेकलाइन के लिए ट्राई करें ब्लाउज के ये डिजाइंस, लुक लगेगा खूबसूरत

ब्लाउज आजकल हर एक आउटफिट के साथ स्टाइल किया जाता है। चाहे वो ओपन जैकेट वाले आउटफिट्स हो या फिर साड़ी। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन को ट्राई करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि रेडीमेड ब्लाउज खरीदने पर हमें उसमें सेम डिजाइन मिलते हैं। जिन्हें वियर करके हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ नए डिजाइन को ट्राई करें, जिसमें फ्रंट नेक का डिजाइन अलग तरीके से बनाया हो, इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं और ब्लाउज को सिलवाते समय कुछ नया डिजाइन क्रिएट करा सकती हैं।

### इल्यूजन ब्लाउज डिजाइन

इल्यूजन के जरीए चीजें दिखती हैं ऐसा कई बार सुना होगा। लेकिन ब्लाउज में भी इस तरह के डिजाइन को भी क्रिएट किया जाता है। इसके लिए मोटे फेब्रिक का इस्तेमाल करके नीचे के ब्लाउज को तैयार किया जाता है। फिर नेक पर नेट का इस्तेमाल करके इसे राउड नेक की तरह डिजाइन किया जाता है। इस तरीके के ब्लाउज को इल्यूजन ब्लाउज डिजाइन कहते हैं। इसमें आप चाहे तो सिंपल नेट ले सकती हैं ।



### लीफ ब्लाउज डिजाइन

ऐसा जरूरी नहीं है कि सिर्फ ब्लाउज के बैक पर ही डिजाइन क्रिएट किया जाता है। आप फ्रंट नेक पर भी डिजाइन (सूट डिजाइंस) को क्रिएट करा सकती हैं। इसके लिए आफ लीफ डिजाइन को बना सकती हैं जिसकी शेप आपको इस फोटो में देखने को मिल जाएगी। इसमें आप डीप नेक और बिना डीप वाले डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसमें न ही आपको एक्स्ट्रा फेब्रिक की जरूरत पड़ती है और न ही आपको कुछ ज्यादा नया ट्राई करना पड़ता है।

## मेकअप करने के बाद चेहरे पर होने लगती है खुजली, तो एक्सपर्ट से जानिए क्या है कारण

हर लड़की को मेकअप करना काफी पसंद होता है। इसलिए वो अलग-अलग तरीके के प्रोडक्ट को खरीदती हैं और उन्हें ट्राई करती हैं। कई बार ऐसा होता है कि वो महंगे-महंगे प्रोडक्ट को खरीदती हैं ताकि जब चेहरे पर अप्लाई करें तो वो खूबसूरत नजर आए। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि मेकअप के इस्तेमाल के बाद चेहरे पर खुजली होनी शुरू हो जाती है, जिसे हम इग्नोर कर देते हैं। मगर आपको ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना है, वरना आपकी स्किन डैमेज हो सकती है, साथ ही आपको तुरंत एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए।

ऐसे ही एक एक्सपर्ट ने अपनी राय हमारे साथ शेयर की जिनका नाम शीना जे कौर है, आपको बता दें कि ये एक फेमस मेकअप आर्टिस्ट हैं जो अक्सर ऐसी वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। आप भी जानें इनके बताए गए तरीके।



### स्किन टाइप का रखें ध्यान

जब भी आप मेकअप खरीदने जाएं तो सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि वो किसी ब्रांड का हो। ऐसा इसलिए क्योंकि लोकल प्रोडक्ट के इस्तेमाल से आपकी स्किन पर एलर्जी हो सकती है। इन्हें लगाने के बाद खुजली और जलन पैदा हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप स्किन टाइप का ध्यान रखकर ही प्रोडक्ट की खरीदारी करें, ताकि जब आप स्किन पर इसे अप्लाई करें तो उसके बाद खुजली महसूस न हो।

### डबल लेयर मेकअप न करें

अगर आप चाहती हैं कि मेकअप के बाद स्किन फ्लॉलेस लगे तो जरूरी नहीं है कि आप डबल लेयर का बेस बनाएं और मेकअप (प्राइमर इस्तेमाल करने का तरीका) करें। आप सिंपल तरीके से भी मेकअप कर सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि पहले आप अच्छा मॉइश्चराइजर, प्राइमर और बेस का इस्तेमाल करें। इन बातों का ध्यान रखें और एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। इससे आपकी स्किन पर एलर्जी नहीं होगी, साथ ही आप मेकअप भी अच्छे से अप्लाई कर पाएगी।

कार्नर न्यूज

## तैयारी वैलेंटाइन डे की, जान लें जरूरी टिप्स

# बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब

*पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है।खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं। मगर अपीलिंग फैशन के लिए कोई गारंटी वाला फार्मूला नहीं है। हां, हम यहां पर ऐसी कुछ बातें जरूर बताएंगे। जिससे आपके लिए फैशन से आकर्षित करना आसान हो जाएगा। लेकिन ये भ्रम न पालें कि लड़की दौड़ी चली आएगी और लिपट जाएगी। जैसा कि कई परफ्यूम ब्रांड वाले अपने विज्ञापन में दिखाते हैं।*



### ट्रेंडी ड्रेस पहनें

फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे। जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

### फंकी न बनें

आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं। आप ऐसे ड्रेस पहनें जिसमें कूल दिखें। क्लासी लुक वाले लड़के अधिक अपीलिंग होते हैं। इसलिए खुद को फंकी लुक से दूर रखें। हालांकि ये बात सेलेब अप्रूव्ड भी है। एक्टर नीरज ने भी डेटिंग के लिए ड्रेसिंग टिप्स दिए जिसमें कि फंकी ड्रेस से दूर रहने की सलाह दी।



### पहनें एक शानदार घड़ी

यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी। इससे आप और भी आकर्षक दिखेंगे। इसके लिए आप अपनी खातिर एक परफेक्ट घड़ी खरीदें, जो दिखने में अच्छी हो। आप अपने लिए मेटल वॉच या लेदर बेल्ट वाली घड़ी ले सकते हैं। मगर उनको अपनी ड्रेस की मैचिंग के हिसाब से पहनें।

### चप्पल नहीं, पहनें जूते

चप्पल पहनकर कहीं भी नहीं जा सकते हैं। इस बात अच्छी तरह याद कर लें। शूज के मुकाबले चप्पल कम आकर्षक होता है। इसलिए जब बात किसी को आकर्षित करने की हो या इंप्रेशन जमाने की हो तो अपनी ड्रेस के हिसाब से परफेक्ट मैचिंग वाला शूज पहनकर जाएं।